

कर्मचारी आचार संहिता

# सत्यनिष्ठा के साथ काम करना: पूरी ज़िम्मेदारी लें!

endo

# हमारे अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की ओर से पत्र



**ब्लेज़ कोलमैन/
BLAISE COLEMAN**

टीम के प्रिय सदस्यों,

Endo, लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ताकि वे बेहतरीन जीवन जी सकें। इस क्षेत्र में काम करने का मतलब है कि हम अपने सहयोगियों और जिनको भी हम सेवा प्रदान करते हैं उनकी सहायता की ज़िम्मेदारी उठाते हैं, जैसे हमारे सहकर्मी, शेयरधारक, नियामक, स्वास्थ्यकर्मी, समुदाय और सबसे ज़रूरी रोगी। वे हम पर भरोसा करते हैं कि हम हर कदम पर अपना काम पूरी सत्यनिष्ठा से करेंगे।

एक कंपनी के तौर पर हम कौन हैं और हम अपना संचालन कैसे करते हैं यह हमारी गुणवत्ता और सत्यनिष्ठा के साझा मूल्यों, सहयोग, नवाचार और समानुभूति से पता चलता है। इसी तरह, Endo की आचार संहिता (हमारी "संहिता") आपको सही निर्णय लेने में मदद करने के लिए तैयार की गई है जो आपकी रोज़मर्रा की व्यावसायिक मुलाकातों यानी इंटरैक्शंस में इन मूल्यों के साथ मेल खाते हैं। हमारी संहिता में Endo की प्रमुख नीतियों और मानकों का सारांश है जो हमारी इस बेहद विनियमित उद्योग में कैसे काम करना है इसको लेकर मार्गदर्शन प्रदान करता है। हम चाहते हैं कि आप इस कंपनी के मालिक की तरह काम करें, अपने आप को जवाबदेह ठहराएं और हमारी टीमों में अनुपालन की संस्कृति बनाने के लिए संहिता के अनुरुप काम करें।

हमारी रणनीति बेहतरी की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करती है ताकि अधिक टिकाऊ नीतियां अपनाई जा सकें जिससे हमारे हितधारकों को फ़ायदा पहुंचे। इसमें अनुपालन और नैतिकता से संपर्क करने का हमारा तरीका शामिल है। एक कंपनी, लीडर और व्यक्तिगत रुप में, हमारी प्रतिष्ठा इस बात पर निर्भर करती है कि हम अपने व्यवसाय का संचालन किस तरीके से करते हैं। जब हम ज़रूरतमंद लोगों को अभिनव और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया करवाने की तरफ काम करते हैं, तो हमें हमेशा सत्यनिष्ठा के साथ काम करना चाहिए।

आपको इस संहिता की समीक्षा करने और सालाना यह प्रमाणित करने की आवश्यकता है कि आप इसमें दी गई चीज़ों को समझते हैं। मैं आपको इस संहिता को पूरे साल एक संदर्भ बिंदु और एक गाइड के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। मुझे यकीन है कि हम अपने महत्वाकांक्षी व्यावसायिक लक्ष्यों को साथ में मिलकर पूरा कर सकते हैं। हम अपने लक्ष्यों को कैसे प्राप्त करते हैं यह उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि व्यवसाय के परिणाम। मुझे यकीन है कि इस संहिता को अपनाने और इसके अनुसार जीने के लिए मैं टीम के हर सदस्य पर भरोसा कर सकता हूं। जब हम ऐसा करेंगे तो हमें सिर्फ़ अपने उत्पादों से लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए ही गर्व नहीं होगा, बल्कि हमने एक टीम के तौर पर मिलकर यह कैसे किया इस पर भी गर्व होगा।

सादर,



ब्लेज़ कोलमैन/Blaise Coleman

अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# हमारी मुख्य अनुपालन अधिकारी की ओर से पत्र



**सुसन विलियमसन/ Susan Williamson**

टीम के प्रिय साथियों,

सत्यनिष्ठा से काम करना और गुणवत्ता की मानसिकता के साथ हमारे उत्पादों को वितरित करना हमारी समूची कंपनी में साझा मूल्य हैं। भले ही कोई नहीं देख रहा हो, फिर भी हम आपको सही काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह मूलभूत व्यवहार Endo में अनुपालन और नैतिकता की संस्कृति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। यह किसी भी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण है, और विशेष रुप से हमारे लिए, क्योंकि हम एक बेहद विनियमित उद्योग में काम करते हैं। हमारी संहिता आपको इस वातावरण को समझने में मदद करने के लिए तैयार की गई है ताकि हम एकाग्रता के साथ काम करके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने वाले उत्पाद बनाने तथा वितरित करने की अपनी मुहिम को और भी प्रभावशाली ढंग से पा सकें।

हालांकि संहिता एक उपयोगी चीज़ है, लेकिन सत्यनिष्ठा से काम करने की ज़िम्मेदारी हम सबको उठानी होगी और उसका पालन करना होगा। हमारी संहिता का उद्देश्य आपको हर नीति के बारे में विस्तृत जानकारी देना नहीं है, बल्कि यह आपके रोज़मर्रा की गतिविधियों के लिए एक नैतिक मार्गदर्शक है। जब इसकी पूरी ज़िम्मेदारी लेने की बात आती है, तो याद करने के लिए तीन आसान चीज़ें हैं: (1) नियमों को जानें; (2) सत्यनिष्ठा और सम्मान के साथ कार्य करें; और (3) अपनी बात कहें।

हमारी कॉर्पोरेट कंप्लायंस एंड बिज़नेस प्रैक्टिसेस टीम का लक्ष्य Endo के भीतर नैतिकता और अनुपालन की बुनियाद तैयार करना और उसका विकास जारी रखना है, जो हमारी कंपनी को अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं, ज़रुरी कानूनी, नियामक और उद्योग के मानकों का पालन करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करे। सभी टीम के सदस्यों के लिए एक संसाधन के रूप में सेवा देते हुए, अनुपालन लीडर हमारे पूरे व्यवसाय में जुड़े हुए हैं। आपको कभी भी संहिता संबंधित कोई प्रश्न या किसी अनुपालन मामले से संबंधित मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो हमारी टीम आपको सहयोग करने और आपकी मदद करने के लिए तैयार है।

संहिता पर ध्यान देने और हर समय सत्यनिष्ठा और सम्मान सहित काम करने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए अग्रिम धन्यवाद। कोई भी लिखित संहिता या पॉलिसी यानी नीति मात्र, कानून और हर बार नैतिकता के आधार पर निर्णय की प्रक्रिया का अनुपालन करने को सुनिश्चित नहीं कर सकती। हममें से प्रत्येक की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी है कि हम उन नीतियों और संचालन प्रक्रियाओं को जानें और अपनाएं, जो हमारे व्यवसाय की रक्षा के लिए बनाई गई हैं। हम सभी को यह अपनाने की ज़रूरत है, और हमारी संहिता आपको ऐसा करने में मदद करेगी।

भवदीय,



सुसन विलियमसन/Susan Williamson

मुख्य अनुपालन अधिकारी

# विषय सूची

**परिचय**

1 हम केंद्रित निष्पादन के माध्यम से जीवन-वर्धक उत्पादों का विकास और वितरण करते हैं।
2 हमारे व्यवहार का तौर-तरीका मायने रखता है...
3 सत्यनिष्ठा के साथ काम करना
4 नियमों को जानें
5 सत्यनिष्ठा और सम्मान सहित कार्य करें
7 अपनी बात कहें!

**अध्याय 1: ENDO और स्वास्थ्य सेवा समुदाय**

10 अच्छी परिचालन प्रथाएं
12 हमारे उत्पादों की सुरक्षा, प्रदर्शन और गुणवत्ता की निगरानी करना
13 हमारे उत्पादों को प्रमोट करना
14 हेल्थकेयर पेशेवरों और स्वास्थ्य देखभाल करने वालों के साथ बातचीत करना
16 सरकारी निरीक्षण और अनुरोध

**अध्याय 2: हमारे ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और सरकारी अधिकारी**

18 स्पर्धारोधी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कानून
19 भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वतखोरी-रोधी
20 कीमत निर्धारण और बिलिंग जानकारी
21 प्रतिस्पर्धी खुफिया जानकारी
22 राजनीतिक गतिविधियां और योगदान
23 व्यापार प्रतिबंध

**अध्याय 3: हमारा कार्यस्थल और हमारे समुदाय**

25 हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा करना
26 एक ऐसा समावेशी कार्य वातावरण बनाए रखना जो भेदभाव, उत्पीड़न और प्रतिशोध से मुक्त हो
28 हमारे पर्यावरण की रक्षा करना
29 रोगियों और समुदायों के लिए हमारी प्रतिबद्धता

**अध्याय 4: हमारी कंपनी और हमारे शेयरधारक**

31 हितों का टकराव
33 भेदिया कारोबार
34 बौद्धिक संपदा और गोपनीय जानकारी
35 निजता
37 वित्तीय सत्यनिष्ठा
38 कंपनी और सूचना तकनीकी संसाधन
39 कंपनी रिकॉर्डों और जानकारी का प्रबंधन
40 कॉर्पोरेट मामले और निवेशक/मीडिया संबंध
41 सोशल मीडिया

42 **संसाधनों की निर्देशिका**



## हमारी संहिता हमें हमारे विजन और मिशन को प्राप्त करने में सक्षम बनाती है और हमारे साझा मूल्यों का प्रतीक है।

### हमारा विजन
हम जिनको भी अपनी सेवा प्रदान करते हैं उन्हें एक बेहतरीन जीवन जीने में मदद करते हैं।

### हमारा मिशन
हम केंद्रित निष्पादन के माध्यम से जीवन-वर्धक उत्पादों का विकास और वितरण करते हैं।

### हमारे मूल्य

सहयोग

नवाचार

सत्यनिष्ठा एवं गुणवत्ता

ड्राइव

समानुभूति

## हमारे व्यवहार का तौर-तरीका मायने रखता है...

**हमारे मूल्य** यह दर्शाते हैं कि हम एक कंपनी के तौर पर क्या हैं और हमारी मान्यताएं क्या हैं। हम अपने व्यवहारों और कार्यों के माध्यम से इन मूल्यों को जीवन में लाते हैं। **हमारे व्यवहार** कार्य उन्मुख हैं और हमारे मूल्यों को रोज़मर्रा के काम में कैसे आत्मसात करें इसके लिए भी हमें दिशा दिखाते हैं।

**हमारी आचार संहिता** में लिखित नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करते समय इन व्यवहारों को ज़रूर याद रखें। वे सभी मिलकर हमें इस तरह से व्यवहार और काम करने के लिए मार्गदर्शन करते हैं कि हम अपने लक्ष्य को पूरा कर लें।

सत्यनिष्ठा एवं गुणवत्ता:
**पूरी ज़िम्मेदारी लें**

- आप जो कहते हैं उसके साथ खड़े रहें। जो आपका मतलब है वही कहें।
- सही काम करने पर खुद पर गर्व करें।
- मालिक की तरह बर्ताव करें। कोई न भी देख रहा हो फिर भी सही से काम करें।

सहयोग:
**उद्देश्य को लेकर एकजुट रहें**

- बिना किसी छिपे एजेंडे के, एक लक्ष्य की ओर एकजुट होकर काम करें।
- इकट्ठे होकर हम ज़्यादा कामयाबी हासिल कर सकते हैं।
- कड़ी मेहनत करें, लेकिन एक दूसरे का साथ उससे भी मज़बूती से निभाएं।

ड्राइव:
**कार्य पर रहे ज़ोर**

- निश्चय के साथ जगें। संतुष्टि के साथ सोएं।
- हमारे मिशन को पूरा करने के मिशन में जुटे रहें।
- उत्कृष्टता के मार्ग पर हमेशा आगे बढ़ते रहें।

नवाचार:
**कोई बेहतर तरीका (फिर से) खोज निकालें**

- पहले पूछें "क्यों," और फिर "क्यों नहीं?"
- हमेशा जिज्ञासु बने रहें—यह हमें नई खोज करने की ओर ले जाता है।
- भविष्य में कदम रखने के लिए अतीत से बाहर निकलें।

समानुभूति:
**अपने कानों और दिल से सुनें**

- जाने कि जिन ग्राहकों के लिए हम काम करते हैं उनके लिए यह क्यों मायने रखता है।
- दूसरों के दृष्टिकोण को समझें, चाहे आप सहमत हों या न हों।
- अपने अहंकार को एक तरफ रखें और बिना पक्षपात के सुनें।

सत्यनिष्ठा के साथ काम करना

# पूरी ज़िम्मेदारी लें!

**जब सत्यनिष्ठा के साथ और आचार संहिता के अनुसार काम करने की बात आती है तो "पूरी ज़िम्मेदारी लें" का अर्थ क्या होता है?**

इसका मतलब है कि हम आपको, हमारे व्यवसाय और उद्योग के नियमों के प्रति खुद को और दूसरों को जवाबदेह बनाने के लिए कह रहे हैं। इन तीन प्रमुख बातों को याद रखें:

**नियमों को जानें:** नीतियों को और आपके काम के लिए ज़रूरी प्रक्रियाओं को ठीक से पढ़ें। यह संहिता हमारी कई मुख्य नीतियों और प्रक्रियाओं का सारांश है। आप पूरी नीतियां हमारी कंपनी के इंट्रानेट at.endo पर पा सकते हैं

**सत्यनिष्ठा और सम्मान के साथ कार्य करें:** नैतिकता और अनुपालन के महत्व को टीम का नेतृत्व करते समय या टीम में काम करते वक्त हमारी संहिता में बताए गए व्यवहार का अनुपालन करके सुदृढ़ करें। अपने सहयोगियों, हमारे ग्राहकों और उन सभी हितधारकों के प्रति सम्मान दिखाएं जिनके साथ हम व्यवसाय करते हैं। दूसरे शब्दों में, "जो वादा किया उसे पूरा करें।"

**अपनी बात कहें:** संहिता के विरुद्ध अगर कोई व्यवहार करे तो उसकी रिपोर्ट करें। हम आपको बिना किसी डर के, गोपनीय तरीके से उन सभी बातों को रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो आपके हिसाब से चिंताजनक हैं। हमारे पास आपके लिए ऐसा करने के कई तरीके हैं, और इस संहिता में उन तमाम तरीकों का सारांश है।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**



# नियमों को जानें

## हमारे आचार संहिता के बारे में कुछ तथ्य

Endo के लिए व्यवसाय कर रहे हर व्यक्ति पर लागू

सभी स्थानों, सहयोगियों और सहायक कंपनियों पर लागू

यह परिभाषित करती है कि हम रोगियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, ग्राहकों और भुगतानकर्ताओं, आपूर्तिकर्ताओं, सरकारी अधिकारियों, स्वास्थ्य सेवा समुदाय, शेयरधारकों और एक-दूसरे से कैसे बातचीत करते हैं

सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लिखित रुप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप से यह प्रमाणित करना होगा कि उन्होंने इस संहिता की समीक्षा की, इसे पढ़ा, समझा है और इसका पालन करेंगे

स्थानीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए, कुछ देशों में स्थानीय कानून के हिसाब से कुछ प्रावधानों को नीतियों और मानकों द्वारा पूरा किया जा सकता है या उन प्रावधानों को तरजीह दी जा सकती है

जहां भी Endo मानक स्थानीय आवश्यकताओं से भिन्न होते हैं, तो हमेशा अधिक प्रतिबंधात्मक मानक का पालन करें

## नियम जो याद रखने चाहिए

- हमारे साथी टीम के सदस्यों, व्यावसायिक साझेदारों यानी बिज़नेस पार्टनर्स, प्रतियोगियों, ग्राहकों और हमारे द्वारा जिन रोगियों की सेवा की जाती है उनका सम्मान करें
- ईमानदारी, निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और व्यक्तिगत जवाबदेही के साथ कार्य करें
- व्यावसायिक उद्देश्य प्राप्त करने के लिए अपनी सत्यनिष्ठा से कभी समझौता न करें

## क्या आपके पास कोई खास सवाल हैं?

परामर्श करने के लिए यहां कुछ अतिरिक्त संसाधन दिए गए हैं:

- आपके प्रबंधक
- कॉर्पोरेट अनुपालन बिज़नेस लीडर
- मानव संसाधन
- कानूनी विभाग
- एथिक्स हॉटलाइन

संपर्क विवरण के लिए इस संहिता के पीछे संसाधनों की निर्देशिका देखें

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **वार्षिक आधार पर, पढ़ें और प्रमाणित करें कि आप संहिता को समझते हैं**
- **पूरे साल संहिता को संदर्भ गाइड के रूप में इस्तेमाल करना जारी रखें**
- **यह सुनिश्चित करें कि आप जिस क्षेत्र में काम कर रहे हैं और Endo में आपकी जो भूमिका है, उससे जुड़ी सभी नीतियों की समझ आपको है। ये नीतियां हमारी कंपनी के इंट्रानेट at.endo पर पाई जा सकती हैं**



## सत्यनिष्ठा और सम्मान सहित कार्य करें

हमारे व्यवसाय में अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देने में हर Endo कर्मचारी की अहम भूमिका है। संहिता आपके कार्यों में आपका मार्गदर्शन कर सकती है, लेकिन यह हर परिस्थिति का अनुमान पहले ही नहीं लगा सकती है। आपके द्वारा उठाये जा रहे किसी कदम को लेकर अगर आपके मन में कोई आशंका है, तो अपने आप से निम्नलिखित प्रश्न पूछें:

- **क्या यह कानूनी है?**
- **क्या यह नैतिक है और हमारे मूल्यों के अनुरुप है?**
- **क्या यह हमारी आचार संहिता के अनुरुप है?**
- **क्या यह कंपनी की नीतियों के अनुरुप है?**
- **क्या मैं सच्चाई और ईमानदारी बरत रहा हूं?**
- **क्या यह हमारी प्रतिष्ठा पर सकारात्मक असर डालेगा?**
- **अगर इसके बारे में समाचार में रिपोर्ट किया गया या किसी ऐसे इंसान को बताया गया जिसकी मैं इज़्ज़त करता हूं तो क्या मैं सहज रहूंगा?**

अगर आपके मन में फिर भी सवाल हैं, तो हमेशा अतिरिक्त मार्गदर्शन मांगें। कठिन नैतिक निर्णय का सामना करते हुए आप अकेले नहीं हैं। अगर इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर "नहीं" है, तो ऐसा न करें। किसी व्यावसायिक या व्यक्तिगत उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारी आचार संहिता या लागू नीतियों की अवहेलना करना कभी भी स्वीकार्य नहीं है।

### कार्यस्थल में सम्मान

हम हर व्यक्ति की एक अपनी अलग पहचान बनाने, अपनाने और उसका सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें ऐसे वातावरण को बढ़ावा देना शामिल है जहां टीम के सदस्यों के साथ हर समय सम्मान का व्यवहार किया जाता है। अलग-अलग नस्ल, धर्म, लिंग (लैंगिक पहचान और अभिव्यक्ति सहित), राष्ट्रीयता, रंग, यौन झुकाव, ओहदा, उम्र या स्थानीय कानून द्वारा सुरक्षित अन्य सभी विशेषताओं से प्रेरित अलग-अलग विचारों और चर्चाओं का हम स्वागत करते हैं। ये आयाम हमें ऐसे अनोखे विचार और दृष्टिकोण बनाने में मदद करते हैं जिनसे हमें नवाचार करने में आसानी होती है और हम सफलता की ओर बढ़ते हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हमारे टीम के सभी साथी सुरक्षित महसूस करें और जब काम पर आएं तो उन्हें अपनेपन का माहौल मिले।

ऐसा करने की ज़िम्मेदारी हम सब की है। विविधता, न्यायसंगत और समावेशी संस्कृति को बढ़ावा देना अलग से कोई पहल नहीं है; यह हमारे पूरे व्यवसाय में समाहित है। इसकी शुरुआत अलग-अलग पृष्ठभूमि, समझ और अनुभव वाले लीडर्स को नियुक्त करने और उनका विकास करने से होता है। हम एक समावेशी संस्कृति को बढ़ावा देना चाहते हैं ताकि हर इंसान खुद को स्वीकृत, महत्वपूर्ण और सम्मानित महसूस कर सके। ऐसा करने से हमें अपने अलग-अलग रोगियों और ग्राहकों की ज़रुरतों को बेहतर ढंग से समझने और समर्थन करने में मदद मिलेगी।

## लीडर ध्यान दें

कंपनी के सभी लीडर और प्रबंधक अनुपालन और नैतिकता की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपकी ज़िम्मेदारियों में शामिल हैं:

- Endo के मूल्यों और इस संहिता के अनुसार अपनी बातों, कार्य और व्यवहार से एक सही मिसाल कायम करना
- कार्य संबंधित नीतियों और संहिता के वार्षिक प्रशिक्षण की ज़रुरत को मज़बूती के साथ स्थापित करना
- अपनी समस्याएं ज़ाहिर करने, सवाल पूछने और कोई आइडिया साझा करने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करना
- अपनी समस्या प्रकट करने के सभी तरीकों के बारे में टीम के सदस्यों को बताना
- वेंडर्स और कंसल्टेंट को संहिता के हिसाब से व्यवहार करने के लिए जवाबदेह ठहराना
- अनुपालन टीम के साथ साझेदारी बनाए रखना
- मानव संसाधन, अनुपालन लीडर्स और कानूनी सहयोगियों के परामर्श से उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करना

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**


**— सुनिश्चित करें कि आपके कार्य हमारी संहिता के अनुरुप हैं; जो सही है, वही करें, चाहे जब कोई नहीं भी देख रहा हो**

**— अगर आप प्रबंधक हैं, तो याद रखें कि टीम के लिए ऐसा माहौल बनाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है जहां सत्यनिष्ठा, सम्मान और अनुपालन की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जाता है**

### हमारी लागू संहिता:

**मेरे इस बारे में कुछ सवाल हैं कि क्या कोई प्रस्तावित बिज़नेस प्लान हमारी कंपनी के नियमों के अनुसार है या नहीं लेकिन मुझे डर है कि मेरे प्रबंधक सोचेंगे कि मुझे अपना काम करना नहीं आता। मुझे क्या करना चाहिए?**

पहले, सुनिश्चित करें कि आपने संबंधित कंपनी नीतियां पढ़ ली हैं। अगर अभी भी आपके पास सवाल हैं तो यह याद रखें कि Endo अपने कर्मचारियों से सवाल पूछने की उम्मीद रखती है और इसे प्रोत्साहित भी करती है। प्रबंधकों से ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने की अपेक्षा की जाती है जहाँ हर कोई ऐसा करने में सहज महसूस करता है और लोग सबसे पहले बात करने के लिए उन्हीं से संपर्क करें। आपका कॉर्पोरेट अनुपालन, मानव संसाधन या कानूनी व्यावसायिक साझेदार भी मार्गदर्शन प्रदान करने की स्थिति में होंगे। आप Endo की एथिक्स हॉटलाइन के माध्यम से भी इस मुद्दे को उठा सकते हैं। अगर आपके पास कोई सवाल है, तो यह आपकी ज़िम्मेदारी है कि पूछें और Endo भी आपसे यही उम्मीद करती है।



## अपनी बात कहें!

हमारी आचार संहिता में बताए गए मानकों को पूरा करने में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अगर आपने कोई ऐसा आचरण देखा है जो संहिता के विरुद्ध है तो हम चाहेंगे कि आप इसे ज़रूर रिपोर्ट करें। अपनी परेशानियों को रिपोर्ट करना आसान है। यह ऐसे काम करता है...

### कोई समस्या कैसे उठाएं

अपनी समस्याएं सामने रखने के लिए Endo कई चैनल उपलब्ध कराती है। आप वही चैनल अपनाएं जो आपके लिए सबसे सहज है। सामान्यत:, आपके पर्यवेक्षक या प्रबंधक किसी मुद्दे को सुलझाने की क्षमता रखते हैं। हालांकि, आपके पास यह इकलौता विकल्प नहीं है। आप अपनी समस्याएं और चिंताएं इनसे भी साझा कर सकते हैं या सवाल पूछ सकते हैं:

- प्रत्यक्ष प्रबंधन या वरिष्ठ प्रबंधन
- कॉर्पोरेट अनुपालन बिज़नेस लीडर
- मानव संसाधन व्यावसायिक साझेदार
- कानूनी व्यावसायिक साझेदार

### एथिक्स हॉटलाइन

Endo में एक एथिक्स हॉटलाइन भी है जिसके माध्यम से किसी भी समय फोन या ऑनलाइन रिपोर्ट दाखिल की जा सकती है, इसमें बिना अपना नाम ज़ाहिर किये हुए भी ऐसा किया जा सकता है। टोल-फ्री अंतर्राष्ट्रीय नंबर www.endo.ethicspoint.com पर हर उस देश के लिए उपलब्ध हैं जहां भी Endo के कर्मचारी हैं। सभी रिपोर्टें, चाहे वे फोन द्वारा दाखिल की गई हों या ऑनलाइन, सबके लिए एक रेफ़रेंस नंबर जारी किया जाएगा। आप उस रेफ़रेंस नंबर का उपयोग आगे की जानकारी प्रदान करने के लिए या फोन पर या ऑनलाइन, तहकीकात की स्थिति पता करने के लिए www.endo.ethicspoint.com पर कर सकते हैं, चाहे आपने मूल रुप से हॉटलाइन का उपयोग किसी भी प्रकार किया हो। कृपया ध्यान दें कि जांच में समय लगता है और जानकारी साझा करने की हमारी क्षमता सीमित हो सकती है।

**Ethics Hotline**
+1-800-305-1563
**endo.ethicspoint.com**

### नाम गुप्त रखना और गोपनीयता

Endo कदाचार की रिपोर्टों को बहुत गंभीरता से लेती है और यह निर्धारित करने के लिए कि क्या किसी कानून, कंपनी की नीतियों या हमारी आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है, इसकी जांच की जाएगी।

जहां स्थानीय कानूनों द्वारा अनुमति दी जाती है, आप ज्ञात या संदिग्ध मुद्दों को गुमनाम रुप से रिपोर्ट करने या प्रश्न पूछने के लिए एथिक्स हॉटलाइन का उपयोग कर सकते हैं। कुछ देश गुमनाम रिपोर्टिंग को प्रतिबंधित या हतोत्साहित करते हैं या उन सूचनाओं के प्रकारों को प्रतिबंधित करते हैं जिन्हें रिपोर्ट किया जा सकता है। अगर आप उन देशों में से किसी एक से एथिक्स हॉटलाइन का उपयोग करते हैं, तो आपको किसी विशिष्ट रिपोर्टिंग प्रतिबंध की सलाह दी जाएगी।

आपके द्वारा रिपोर्ट की गई जानकारी को यथासंभव गोपनीय रखा जाएगा। आपकी रिपोर्ट केवल उन लोगों के साथ साझा की जाएगी जिन्हें आपके प्रश्न का उत्तर देने या मामले की जांच करने के लिए इसके बारे में जानने की आवश्यकता है। अगर आपने अपनी पहचान ज़ाहिर भी की है फिर भी Endo अपनी तरफ से आपकी पहचान को जहां भी ज़रूरी है वहां गोपनीय बनाए रखेगी, साथ ही पूरी ईमानदारी के साथ मामले की जांच भी करेगी। अगर आपकी पहचान पता है तो कुछ मौकों पर Endo को आपकी पहचान ज़ाहिर करनी पड़ सकती है।

## गैर प्रतिशोध नीति

किसी संदिग्ध गड़बड़ी की रिपोर्ट करने वाले या किसी जांच में सहयोग करने के लिए नेकनीयती से भाग लेने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ किसी भी रूप में प्रतिशोध या धमकी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो कर्मचारी प्रतिशोध या धमकी जैसे कृत्यों में संलिप्त होते हैं उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और उन्हें सेवा से बर्खास्त भी किया जा सकता है। जो जानबूझकर गलत आरोप लगाते हैं, कंपनी या उसके कर्मचारियों के बारे में भ्रामक जानकारी फैलाते हैं या अनुचित आचरण करते हैं उन्हें अनुशासित करने का अधिकार Endo के पास सुरक्षित है।

## अनुशासनात्मक कार्रवाई

कोई भी कर्मचारी जो इस संहिता, कंपनी की नीतियों या लागू कानूनों का उल्लंघन करता है या गलत आचरण में लिप्त होता है, उस पर स्थानीय नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुरूप, अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें बर्खास्तगी भी शामिल है। कदाचार के अंदर इस संहिता और कंपनी की नीतियों का उल्लंघन, किसी ज्ञात या संभावित मुद्दे को न उठाना, जांच में सहयोग नहीं करना या किसी ऐसे कर्मचारी के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से आचरण करना या उसे डराना शामिल है जिसने कोई संभावित मुद्दा उठाया है या किसी जांच के दौरान सूचना प्रदान करता है।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **अगर आप अनुचित व्यवहार, संहिता का कोई उल्लंघन या अवैध गतिविधि देखते हैं या आपको संदेह है। अपनी बात कहें!**
- **याद रखें, प्रतिशोध, भेदभाव, उत्पीड़न या किसी अन्य अनुचित प्रतिक्रिया के डर के बिना भी अपनी समस्या को रिपोर्ट करने और सवाल पूछने के कई तरीके उपलब्ध हैं।**

**हमारी लागू संहिता:**

**मेरे एक सीधे मातहत ने मुझे कदाचार के संबंध में एक संभावित चिंता पर चर्चा करने के लिए कहा। मुझे कैसे जवाब देना चाहिए?**

आपकी प्रतिक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपयुक्त स्थान पर संभावित चिंता पर चर्चा करने के लिए पर्याप्त समय दें। जितना संभव हो उतना सुनें और रक्षात्मक न हों। आपको तत्काल उत्तर देने की आवश्यकता महसूस नहीं होनी चाहिए। टीम के सदस्य को आश्वस्त करें कि कंपनी कदाचार की रिपोर्ट को बहुत गंभीरता से लेती है और संभावित चिंता को उठाए जाने की सराहना करती है। संभावित चिंता के आधार पर, आपको मानव संसाधन, कॉर्पोरेट अनुपालन, कानूनी विभाग या अपने प्रबंधन को शामिल करने की आवश्यकता हो सकती है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि डेटा उल्लंघनों या सुरक्षा चिंताओं के आसपास उठाए गए मुद्दों को लेकर भी आपको आंतरिक रूप से अतिरिक्त रिपोर्टें बनाने की आवश्यकता हो सकती है। टीम के किसी ऐसे सदस्य के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें जो किसी मुद्दे को उठाते हैं और किसी भी तरीके से उन्हें डराने या उनके खिलाफ प्रतिकार करने का प्रयास नहीं करते हैं।

**इस सेक्शन में आप इसके बारे में जानेंगे:**

- अच्छी परिचालन प्रथाएं
- हमारे उत्पादों की सुरक्षा, प्रदर्शन और गुणवत्ता की निगरानी करना
- हमारे उत्पादों को प्रमोट करना
- स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ बातचीत
- सरकारी निरीक्षण और अनुरोध

पूरी ज़िम्मेदारी लें!



अध्याय 1:

## ENDO और स्वास्थ्य सेवा समुदाय

**रोगियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, ग्राहकों, उपभोक्ताओं और स्वास्थ्य सेवा नियामकों को विश्वसनीय भागीदारों से सुरक्षित, प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की उम्मीद होती है। हमारी संहिता हमें स्वास्थ्य सेवा समुदाय यानी हेल्थकेयर कम्युनिटी के सभी सदस्यों के साथ हमारे संबंधों में जिम्मेदारी से, कानूनी रुप से और उचित कार्रवाई करने का आह्वान करती है। हमारी दैनिक गतिविधियों में इन सिद्धांतों को बनाए रखना हमारे उत्पादों में विश्वास बनाए रखने और हमारे विजन और मिशन को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है।**



## अच्छी परिचालन प्रथाएं

रोगियों की सुरक्षा और हमारी सफलता के लिए हमारे उत्पादों की गुणवत्ता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। रोगी और स्वास्थ्य सेवा समुदाय को हमसे उच्च गुणवत्ता की उम्मीद होती है। हम इन अपेक्षाओं पर अपने सभी काम में अपने अच्छे सिद्धांतों को लागू कर और लागू कानूनों का पालन करके खरे उतरते हैं।

हम सभी लागू नियामकीय आवश्यकताओं और वर्तमान अच्छी विनिर्माण प्रथाओं (cGMPs) का पालन करके और हमारी साइटों के भीतर कठोर आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उत्पादन करते हैं। इन गुणवत्ता मैट्रिक्स का समर्थन करने के लिए कर्मचारियों को नियमित रूप से कार्य के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण पूरा करना आवश्यक है। हमारे आपूर्तिकर्ता और साझेदार भी इन मानकों के अधीन हैं और लागू नियामक आवश्यकताओं और cGMP के अनुपालन में काम करते हैं।

जब उत्पाद की गुणवत्ता और अनुपालन में जोखिमों को पहचानने की बात आती है तो हमारे कर्मचारी बेहद उम्दा काम करते हैं। अगर कोई कार्य योजना के अनुसार पूरा नहीं किया जा सका या कोई अप्रत्याशित परिणाम आ जाता है (यानी, कोई विचलन), तो इसे अवश्य ही रिपोर्ट किया जाना चाहिए ताकि इसका सही मूल्यांकन किया जा सके। इसी तरह जोखिमों की पहचान और उसे रिपोर्ट करना बेहद महत्वपूर्ण है। यह महत्वपूर्ण है कि लीडर रिकॉर्ड रखें और रिपोर्ट किए गए विचलनों (डेविएशन) और जोखिमों के समाधान के लिए कार्रवाई करें और अपनी टीमों को सतर्क रहने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि कंपनी अपने परिचालनों को निरंतर बेहतर बना सके।

### नियंत्रित पदार्थों के लिए विशेष नियम और विनियम

नियंत्रित पदार्थों के हैंडलिंग, स्टोरेज और स्थानांतरण को लेकर विशेष नियम और विनियम लागू होते हैं। हमें इन आवश्यकताओं और नियंत्रित पदार्थों से संबंधित हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन करना चाहिए। अगर आपके पास किसी नियंत्रित पदार्थ के अनुचित हैंडलिंग, स्थानांतरण, हानि या विचलन के बारे में कोई जानकारी या संदेह है, तो आपको लागू रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं का पालन करना आवश्यक है। अगर आप रिपोर्ट करने के तरीके के बारे में अनिश्चित हैं, तो तुरंत इसे अपने प्रबंधक या एथिक्स हॉटलाइन को रिपोर्ट करें।

संदिग्ध विचलन यानी डायवर्जन या हमारे उत्पादों की चोरी की रिपोर्ट करने में विफलता इस संहिता का उल्लंघन है और इसके लिए किसी भी कर्मचारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है और उसकी सेवाएं भी समाप्त की जा सकती हैं।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद वितरित करते हुए, लिखित नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें**
- **सारे प्रशिक्षण को समय से पूरा करें**
- **सटीक और पूर्ण रिकॉर्ड बनाए रखें**
- **गैर-अनुपालन की संभावित घटनाओं या जहां गलतियों या विफलता की आशंका हो उन्हें ज़रूर रिपोर्ट करें ताकि उन घटनाओं और विचलनों को रोका जा सके**

**हमारी लागू संहिता:**

**हम तय समयसीमा से पीछे चल रहे हैं और उत्पादन बढ़ाने के दबाव में हैं। क्या हम चीज़ों को गति देने के लिए विनिर्माण यानी मैन्यूफैक्चरिंग के कुछ चरणों को थोड़ा संशोधित कर सकते हैं?**

हम अपनी उत्पादन प्रक्रिया को कुशल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं लेकिन गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सर्वोपरि है। विनिर्माण प्रक्रिया में संशोधन पर विचार करते समय हमेशा हमारे गुणवत्ता मानकों और अप्रूवल प्रक्रियाओं का पालन करें। क्या ऐसा करना संभव है और क्या यह हमारे गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरता है इसकी पुष्टि करने के लिए अपनी संभावित परिवर्तित प्रक्रिया को लेकर अपने प्रबंधन और साइट क्वालिटी लीडर से चर्चा ज़रूर करें।

**मैं फैक्टरी के एक हिस्से से गुज़र रहा था और मैंने ध्यान दिया कि उपकरणों का इस्तेमाल इस तरह से किया जा रहा है जो कि मौजूदा अच्छी विनिर्माण प्रथाओं का पालन नहीं करते हैं और सुरक्षित भी नहीं हैं। हालांकि, मैं उस काम के लिए प्रशिक्षित नहीं हूं, इसलिए मैं गलत भी हो सकता हूं। क्या मुझे इस मुद्दे को उठाना चाहिए?**

हालांकि हम कार्यों और प्रक्रियाओं को डिज़ाइन करते हुए उन्हें मौजूदा अच्छी विनिर्माण प्रथाओं के अनुरूप बनाने की पूरी कोशिश करते हैं लेकिन हो सकता है कि कार्य डिज़ाइन या उनका क्रियान्वन सटीक न हो, और आप पहले शख्स हों जिन्होंने ये देखा हो। अपने प्रबंधक, गुणवत्ता या सुरक्षा लीडर के माध्यम से समस्या को उठाकर, आप उत्पाद के साथ किसी भी तरह की गुणवत्ता समस्या या दुर्घटना को रोक सकते हैं। हर कोई जब रोगियों और अपने Endo सहकर्मियों की देखभाल करेगा तो हमारे कामयाब होने की संभावना ज़्यादा है।



## हमारे उत्पादों की सुरक्षा, प्रदर्शन और गुणवत्ता की निगरानी करना

Endo में रोगियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता को बनाए रखना और उनके प्रदर्शन की निरंतर निगरानी रोगियों की सुरक्षा के लिए सर्वोपरि है। हम समय-समय पर समीक्षा और सुरक्षा जानकारी का विश्लेषण करते हैं और अपने उत्पादों की सुरक्षा प्रोफ़ाइल में सुधार करने के लिए ज़िम्मेदार और उचित कार्रवाई करते हैं।

प्रतिकूल प्रभावों और हमारे उत्पादों से जुड़ी गुणवत्ता की शिकायतें जैसे अवांछनीय दुष्प्रभाव , खुराक की गड़बड़ियां, असर न करना या उत्पाद के प्रदर्शन पर सवाल उठना, इन्हें पहचानने और रिपोर्ट करने की ज़िम्मेदारी भी हमारी है। कंपनी ने उत्पाद से संबंधित प्रश्नों, शिकायतों और प्रतिकूल घटनाओं को समय पर और कुशल तरीके से संबोधित करने के लिए एक प्रक्रिया बनाई है। किसी प्रतिकूल घटना या गुणवत्ता की शिकायत रिपोर्ट करने के लिए मौजूद लिंक और फोन नंबर के लिए कृपया हमारे संसाधनों की निर्देशिका पेज पर जाएं।


**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **किसी भी संभावित सुरक्षा मुद्दे या घटना के बारे में टीम के सभी सदस्यों को एक दिन के भीतर अपनी व्यावसायिक इकाई को सूचित करना ज़रूरी है**
- **अगर आप अनिश्चित हैं कि क्या कोई प्रतिकूल घटना हुई है या क्या कोई घटना रिपोर्ट करने योग्य है, तो इस परिस्थिति के लिए बने चैनल के माध्यम से रिपोर्ट करें और हमारे विशेषज्ञों को यह निर्धारित करने दें**

**हमारी लागू संहिता:**

**छुट्टी के दौरान, एक सह यात्री ने बताया कि हमारा एक प्रॉडक्ट लेने के बाद उसे मिचली महसूस हुई। क्या मुझे यह बातचीत रिपोर्ट करनी चाहिए?**

हाँ। हो सकता है हमारे उत्पाद से ऐसा नहीं हुआ हो लेकिन इसकी जानकारी उन्हें ज़रूर देनी चाहिए जो इसका निर्धारण करने में सक्षम और ज़िम्मेदार हैं। उचित समीक्षा और विश्लेषण के लिए बातचीत की रिपोर्ट करें ताकि किसी भी संभावित रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके और हम रोगियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करें।



## हमारे उत्पादों को प्रमोट करना

एंडो प्रत्येक उत्पाद के स्वीकृत उपयोग और रोगी की जरूरतों के आधार पर हमारे उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य- सेवा के पेशेवरों के साथ हमारी बातचीत उन्हें हमारे उत्पादों के उचित उपयोग के बारे में शिक्षित करने और रोगी देखभाल में सुधार के उद्देश्य से उनकी चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण आवश्यकताओं का समर्थन करने पर केंद्रित होनी चाहिए।

हमें सच्चे, ऑन-लेबल और नैतिक संचार-व्यवस्था की आवश्यकता है जो स्वास्थ्य-सेवा पेशेवरों को इस बारे में सूचित और स्वतंत्र निर्णय लेने में मदद करेगा कि वे अपने रोगियों के लिए हमारे उत्पादों का उपयोग कैसे कर सकते हैं। किसी भी लिखित या मौखिक विज्ञापन या प्रचार अंश के उपयोग या प्रसार से पहले, सामग्री को कंपनी के विषय विशेषज्ञों की प्रोमोशनल रिव्यु कमिटी द्वारा अनुमोदित और अधिकृत किया जाना चाहिए। ये अंश लेबल पर, सटीक, संतुलित, एवं अभ्रामक होने चाहिए और इन्हें लागू कानूनी, नियामक और स्थानीय मानकों का पालन करना चाहिए।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **केवल उन प्रचार सामग्रियों और संचार का उपयोग करें जिन्हें उपयोग या प्रसार के लिए अप्रूव कर दिया गया है**
- **किसी भी उत्पाद के लेबल पर जितना मंजूर किया गया हो और जितना उसका प्राधिकार हो उस उत्पाद के उससे अधिक इस्तेमाल को कतई बढ़ावा न दें**
- **सभी सुरक्षा जानकारियों सहित हमारे उत्पादों की पूरी जानकारी देकर, एक उचित संतुलन प्रदान करें**
- **प्रतियोगियों के उत्पादों के बारे में गलत टिप्पणी या उनकी बुराई न करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**मेरी सेल्स कॉल के दौरान, एक डॉक्टर ने बताया कि उसके सहयोगी ने हमारे उत्पादों में से एक का उपयोग रोगियों की उस बीमारी को ठीक करने के लिए किया जिसका ज़िक्र लेबल पर नहीं है और इसके परिणाम भी अच्छे रहे। उसने ऑफ-लेबल उपयोगों के बारे में वैज्ञानिक साहित्य से पुष्ट जानकारी मांगी। मैं एक उद्योग सम्मेलन की ओर से एक हालिया अध्ययन से अवगत हूं, जिसमें मैंने भाग लिया था। क्या मैं वह जानकारी साझा कर सकता हूं?**

नहीं। एक सेल्स पेशेवर के रुप में, आप केवल ऑन-लेबल जानकारी पर ही चर्चा कर सकते हैं। आपका दायित्व उन्हें हमारे चिकित्सा सूचना विभाग की ओर भेजना है, जो कंपनी की नीति के अनुरुप पूर्ण और सटीक वैज्ञानिक जानकारी प्रदान कर सकता है।



## हेल्थकेयर पेशेवरों और स्वास्थ्य देखभाल करने वालों के साथ बातचीत करना

Endo हमारे उत्पादों के बारे में स्वास्थ्य पेशेवरों को शिक्षित करती है, अनुसंधान में उनके साथ सहयोग करती है, सलाहकार के रूप में उनकी विशेषज्ञता पर निर्भर करती है और उन्हें हमारे उत्पादों के अनुमोदित उपयोग पर प्रशिक्षित करती है। इन पेशेवरों के साथ बातचीत यानी इंटरैक्शंस संबंधित देश के कानूनों, विनियमों और मानकों के द्वारा निर्धारित हैं। हमारी बातचीत में हमेशा सत्यनिष्ठा, अनुपालन, सटीकता और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्धता अवश्य झलकनी चाहिए और इसमें रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए हमारे मानकों का पालन भी शामिल है।

Endo वैज्ञानिक सत्यनिष्ठा को भी बढ़ावा देती है और स्वास्थ्य सेवा समुदाय के साथ महत्वपूर्ण सहयोग, जिससे हमारे उत्पादों या ख़ास रोगों की वैज्ञानिक और चिकित्सा समझ आगे बढ़ती है उसे व्यावसायिक उद्देश्यों के कारण प्रभावित नहीं होने देती। Endo उन्हीं शोधों का समर्थन करती है जिसका कोई वैध वैज्ञानिक उद्देश्य हो, Endo के वैज्ञानिक और चिकित्सा समीक्षकों द्वारा अप्रूव्ड हो और जिसे वैज्ञानिक दृढ़ता के साथ किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ, सभी परामर्श व्यवस्थाओं की उचित प्रबंधन एवं चिकित्सा और अनुपालन समीक्षकों के द्वारा समीक्षा होनी चाहिए और उन्हीं के द्वारा अनुमोदन किया जाना चाहिए, और भुगतान उचित बाज़ार मूल्य पर होना चाहिए।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **स्वास्थ्य संबंधी पेशेवरों को तभी शामिल करें, जब ऐसा करने की कोई प्रामाणिक ज़रूरत हो और हमेशा ऐसा करने के लिए उतना शुल्क चुकाएं जो स्थानीय बाज़ार मूल्य के अनुरूप हो**
- **Endo के उत्पाद ख़रीदने के लिए किसी भी स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को प्रभावित करने के लिए न तो कुछ ख़रीदें न ही उन्हें कुछ मूल्यवान चीज़ दें।**
- **सहकर्मियों और व्यावसायिक साझेदारों को कभी भी किसी सरकारी अधिकारी, स्वास्थ्य सेवा पेशेवर या वाणिज्यिक संस्थाओं और व्यक्तियों सहित किसी अन्य व्यक्ति को अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए किसी तरह का भुगतान करने या लाभ प्रदान करने, वादा करने या अधिकृत करने की पेशकश नहीं करनी चाहिए**
- **हेल्थकेयर पेशेवरों, हेल्थकेयर संस्थानों और हेल्थकेयर समुदाय के अन्य लोगों के साथ आपकी बातचीत स्थानीय पारदर्शिता और एंटी-किकबैक विनियमों सहित सभी लागू कानूनों, विनियमों, व्यावसायिक आवश्यकताओं, या उद्योग की आचार संहिताओं या प्रथाओं पर आधारित होनी चाहिए**
- **हमारे उत्पादों के सुरक्षित और प्रभावी इस्तेमाल पर उचित निर्देश, शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करें**


**हमारी लागू संहिता:**

**Endo द्वारा प्रायोजित एक शैक्षणिक कार्यक्रम में कोई चिकित्सक वक्ता हमारे किसी उत्पाद के बारे में रोगियों को बता रहे हैं जिनसे उन्हें फायदा हो सकता है। क्या वह चिकित्सक पर्चों में अपने हिसाब से बदलाव कर सकते हैं और हमारे द्वारा स्वीकृत स्लाइडों को संशोधित कर सकते हैं?**

नहीं। हमारी शैक्षणिक और प्रचार सामग्री एक कठोर समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से विकसित की जाती है। बिना अप्रूव हुई सामग्री या अप्रूव हो चुकी सामग्रियों में बदलाव करके उनका इस्तेमाल करना कभी भी स्वीकार्य नहीं है।

**हमारे हाल में ही अप्रूव हुए एक उत्पाद के बारे में स्थानीय चिकित्सकों यानी फ़िज़िशियंस को बताने में हमें काफी मुश्किलें आ रही हैं। एक विचार यह आया है कि स्थानीय चिकित्सकों को जांचकर्ता यानी इन्वेस्टिगेटर बनाकर एक अध्ययन किया जाए। यह उन्हें हमारे उत्पाद से परिचित होने का मौका देगा और इसे पेश करने में हमें आसानी होगी। क्या यह ठीक है?**

नहीं। अध्ययनों में वैज्ञानिक योग्यता यानी मेरिट होनी चाहिए, और यह केवल किसी वैज्ञानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया जाना चाहिए और इसका उद्देश्य कभी भी बाज़ार में पकड़ बनाना या किसी उत्पाद को प्रमोट करना नहीं होना चाहिए।



## सरकारी निरीक्षण और अनुरोध

हम एक जटिल और गतिशील नियामक वातावरण में काम करते हैं। नियामकों के साथ प्रभावी जुड़ाव, रोगियों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए सुरक्षित, प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को पहुंचाने की हमारी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी फ़ैसिलिटीज़ और गतिविधियों का नियमित रुप से दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा नियामकों एवं अन्य नियामकों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। Endo हर समय इन अधिकारियों का सहयोग करती है और सत्यनिष्ठा की अपनी छवि बरकरार रखने का प्रयास करती है। सूचना या विज़िट के किसी भी अनियमित यानी नॉन-रुटीन अनुरोध के बारे में कानूनी विभाग को तुरंत सूचित किया जाना चाहिए। कानूनी विभाग सभी कानूनी मामलों पर कंपनी का प्रतिनिधित्व करता है और प्रदान की जाने वाली उचित जानकारी निर्धारित करता है और निरीक्षण प्राधिकारियों को हमारी ओर से सहूलियत प्रदान करेगा।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **सरकारी निरीक्षकों के साथ सहयोग करें और विनम्र रहें, और नियामक निरीक्षणों तथा अनुरोधों के जवाब में हमारी गुणवत्ता, सुरक्षा और नियामक विशेषज्ञों के साथ तालमेल करें**
- **नियामकों को हमेशा ईमानदार, सटीक और समय पर जानकारी प्रदान करें**
- **परिसर के अंदर आने के अनुरोध को स्वीकृत करने की सूरत में अपनी साइट की प्रक्रियाओं से परिचित रहें**
- **अनियमित यानी नॉन-रुटीन या कानूनी जांच, जैसे कि हाजिरी के लिए अदालती हुक्म, समन या कानूनी नोटिस की स्थिति में तुरंत कानूनी विभाग से संपर्क करे**

**हमारी लागू संहिता:**

**अगर किसी निरीक्षक ने मुझसे कोई सवाल किया लेकिन मैं उस प्रक्रिया से परिचित नहीं हूं तो मुझे उसका जवाब कैसे देना चाहिए?**

सच बोलें बिना किसी कपट के। यह कहने में कोई हर्ज़ नहीं है कि "मेरे पास कोई जवाब नहीं है" और निरीक्षक को बताएं कि आपको जल्द से जल्द जवाब मिल जाएगा। अपने प्रबंधक और क्वालिटी अश्योरेंस लीड के साथ परामर्श करें, और कभी भी अनुमान न लगाएं, अधूरी जानकारी प्रदान न करें या उन सवालों के जवाब न दें जिनका जवाब पूरी तरह से आपके पास नहीं हैं।

**इस सेक्शन में आप इसके बारे में जानेंगे:**

- स्पर्धारोधी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कानून
- भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वतखोरी-रोधी
- कीमत निर्धारण और बिलिंग जानकारी
- प्रतिस्पर्धी खुफिया जानकारी
- राजनीतिक गतिविधियां और योगदान
- व्यापार प्रतिबंध

पूरी ज़िम्मेदारी लें!



अध्याय 2:

## हमारे ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और सरकारी अधिकारी

**Endo हेल्थकेयर पेशेवरों, हेल्थकेयर संस्थानों, सरकारी अधिकारियों, नियामक प्राधिकारियों, प्रबंधित देखभाल और समूह खरीदारी संगठनों, आपूर्तिकर्ताओं और विक्रेताओं सहित कई प्रकार के व्यक्तियों और संस्थाओं के साथ बातचीत करती है। ये बातचीत (इंटरैक्शंस) हमारी बिक्री और मार्केटिंग, अनुसंधान और विकास और मैन्युफैक्चरिंग कार्यों, साथ ही साथ हमारी आयात/निर्यात गतिविधियों के दौरान हो सकती हैं। सभी व्यावसायिक व्यवहारों में, Endo निष्पक्ष और ईमानदार रहेगी और लागू कानून और कंपनी की नीतियों का पालन करेगी।**



# स्पर्धारोधी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कानून

स्पर्धारोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का फ़ोकस व्यवसायों द्वारा गुणवत्ता, कीमत और सेवाओं यानी सर्विसेज़ के लिए की जाने वाली प्रतिस्पर्धा के तरीकों पर होता है। कई देशों में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कानून लागू हैं। ये कानून आम तौर पर प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रथाओं और प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने वाली सूचनाओं के आदान-प्रदान पर रोक लगाते हैं। प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रथाओं के उदाहरणों में, कीमतों को तय करने या आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों या प्रतियोगियों को बहिष्कार करने के समझौते शामिल हो सकते हैं।

हम ईमानदारी के साथ एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने और जिस भी देश में काम कर रहे हों वहां के स्पर्धारोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये कानून जटिल और हर देश के लिए भिन्न हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप प्रतियोगियों के साथ बातचीत करने या कोई भी व्यवसायिक लेनदेन जो अनुचित तरीके से व्यापार पर प्रभाव डाल सकता है उससे पहले कानूनी विभाग से संपर्क करें।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **कीमतों, रणनीतिक योजनाओं, बिक्री, उत्पादन या वितरण, या उत्पादों, क्षेत्रों, बाज़ारों या ग्राहकों के आवंटन के बारे में प्रतियोगियों के साथ चर्चा, आदान-प्रदान या किसी तरह के अनुबंध में प्रवेश न करें, और ऐसी किसी भी चर्चा, सूचना के आदान-प्रदान या समझौते के लिए तीसरे पक्ष यानी थर्ड पार्टी को बीच में ना लाएं**
- **ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या प्रतियोगियों की ओर संयुक्त व्यवहार (जैसे बहिष्कार) की चर्चा न करें और न ही इसकी योजना बनाएं**
- **प्रतिस्पर्धियों या उनके उत्पादों के बारे में गलत या अपमानजनक टिप्पणी न करें या उनके व्यापार रहस्यों यानी ट्रेड सीक्रेट की चोरी या उनका दुरुपयोग न करें**
- **प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया में हेरफेर न करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**मैं एक स्थानीय उद्योग संघ की बैठक में भाग ले रहा हूं और कई प्रतियोगी अपनी मार्केटिंग और कीमत निर्धारण रणनीतियों पर चर्चा कर रहे हैं। मुझे क्या करना चाहिए?**

यद्यपि, उद्योग की बैठकों का एक न्यायसंगत उद्देश्य होता है, तो भी वे प्रतिस्पर्धा-रोधी चर्चाओं के लिए जोखिम पैदा करती हैं। आपसी चिंताओं के मुद्दों पर चर्चा करते हुए हो सकता है कि प्रतिस्पर्धियों के बीच किसी प्रतिस्पर्धी मुद्दे पर हदें पार हो जाएं। अगर आप खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं जहाँ कोई विषय अनुचित लगता है, तो चर्चा को तुरंत छोड़ दें और उन लोगों के सामने स्पष्ट करें कि जिस तरह की चर्चा हो रही है आप उसी की वजह से वार्तालाप को छोड़ रहे हैं। आपको समस्या को जल्द से जल्द कानूनी विभाग को भी रिपोर्ट करना चाहिए।



## भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वतखोरी-रोधी

हम अपने व्यवसाय का संचालन पारदर्शी और नैतिक तरीके से करते हैं। हम रिश्वत और भ्रष्टाचार के सभी रूपों का निषेध करते हैं, जिसमें हमारे तीसरे पक्ष के बिचौलियों द्वारा किया गया आचरण भी शामिल है। किसी भी व्यक्ति को गलत तरीके से प्रभावित करने, उनके साथ व्यवसाय शुरु करने या बढ़ाने या व्यवसाय के लिए अनुचित फायदा उठाने के लिए किसी भी तरह का कोई वादा करना, पेशकश करना या कोई मूल्यवान चीज़ देना प्रतिबंधित है, इसके दायरे में निजी व सरकारी दोनों सेक्टर में काम करे वाले लोग आते हैं। किसी भी व्यक्ति से रिश्वत मांगना और स्वीकार करना भी प्रतिबंधित है।

हमारे उत्पादों के नियामक, भुगतानकर्ता या खरीदार के रूप में, सरकारी अधिकारी हमारे व्यवसाय के अभिन्न अंग हैं। हम अपने अनुसंधान और विकास, नियामक, मैन्युफैक्चरिंग और आयात/निर्यात गतिविधियों के माध्यम से सरकारी अधिकारियों या संस्थाओं के साथ बातचीत (इंटरैक्ट) कर सकते हैं। इसलिए सरकारी अधिकारियों के साथ हमारी बातचीत (इंटरैक्शंस) को लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का पालन करना चाहिए।

Endo को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि जिन तीसरे पक्षों के साथ व्यवसाय किया जा रहा है वे भी Endo के मूल्यों का पालन करते हैं, क्योंकि Endo की ओर से काम करने वाले तीसरे पक्ष के भ्रष्ट व्यवहार के लिए भी Endo ही ज़िम्मेदार होगी। इसलिए हम तीसरे पक्ष के ऐसे बिचौलियों के साथ व्यवसाय नहीं करते जो ऐसे आचरण में संलिप्त होते हैं, जो हमारे लिए प्रतिबंधित है।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **सार्वजनिक या निजी सेक्टर में किसी को रिश्वत की पेशकश न करें और न ही किसी से रिश्वत मांगें और न ही स्वीकार करें**
- **तीसरे पक्ष के मध्यस्थों यानी बिचौलियों की जाँच, चयन और निगरानी में सतर्कता बरतें**
- **सभी थर्ड पार्टी बिचौलियों का प्रबंधन इस प्रकार से करें कि वे भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वतखोरी-रोधी नीतियों का पालन करें**
- **ध्यान रखें कि राष्ट्रीयकृत या सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली वाले देशों में, स्वास्थ्य पेशेवरों को सरकारी अधिकारी माना जा सकता है**

**हमारी लागू संहिता:**

**मैं नई साइट के निर्माण की देखरेख के लिए एक ठेकेदार को शामिल करने की योजना बना रहा हूं। ठेकेदार को स्थानीय अधिकारियों से बिल्डिंग परमिट प्राप्त करना होगा जो परमिट आवेदन को आगे बढ़ाने के लिए एक छोटे सुविधा भुगतान की मांग कर रहे हैं। क्या मैं ठेकेदार को सुविधा भुगतान प्रदान कर सकता हूं?**

नहीं। स्वास्थ्य पेशेवरों या सरकारी अधिकारियों को गलत तरीके से प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार का भुगतान करना प्रतिबंधित है चाहे यह उस देश का रिवाज़ ही क्यों न हो। याद रखें, जब Endo के मानक स्थानीय आवश्यकताओं से भिन्न होते हैं, तो हमेशा अधिक प्रतिबंधात्मक मानकों का पालन करें। कोई भी थर्ड पार्टी जैसे कि एक कॉन्ट्रैक्टर, Endo की तरफ से अनुचित भुगतान नहीं कर सकता है चाहे रकम कितनी भी बड़ी या छोटी क्यों न हो।



## कीमत निर्धारण और बिलिंग जानकारी

सरकारों, निजी भुगतानकर्ताओं और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को कीमत निर्धारण के संदर्भ में पारदर्शी सूचना देना हमारी कानूनी और नैतिक ज़िम्मेदारी है। किसी सरकारी स्वास्थ्य प्रोग्राम में कीमत निर्धारण यानी प्राइसिंग की गलत जानकारी देने या धोखाधड़ी करने पर हमारी कंपनी पर भारी जुर्माने लग सकते हैं।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **सरकारी और निजी भुगतानकर्ताओं को हमेशा सही और पूरी जानकारी प्रदान करें**
- **कानूनी छूट, रिबेट या प्रशासनिक शुल्क के लिए अनुमोदन लेने या उसे दस्तावेज़ीकृत करने या उसका संचार करने में हमेशा कंपनी की नीतियों का पालन करें**
- **बिलिंग, कवरेज, प्रतिपूर्ति और कोडिंग को लेकर स्थानीय कानून और उद्योग संहिताओं यानी इंडस्ट्री कोड्स का पालन करने वाली सटीक जानकारियां प्राप्त करें और उन्हीं का इस्तेमाल करें**



## प्रतिस्पर्धी खुफिया जानकारी

एंडो कर्मचारियों को हमारे प्रतिस्पर्धियों ("प्रतिस्पर्धात्मक बुद्धिमत्ता") के बारे में जानकारी को उचित रूप से एकत्र करने, साझा करने और उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि, जिस तरह हम अपनी गैर-सार्वजनिक जानकारी को महत्व देते हैं, उसी तरह हम अपने प्रतिस्पर्धियों से सम्बंधित कुछ जानकारी की गैर-सार्वजनिक प्रकृति का सम्मान करते हैं। हम प्रतिस्पर्धात्मक बुद्धिमत्ता के लिए केवल नैतिक और कानूनी साधनों का उपयोग करते हैं।

सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचनाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धी खुफ़िया  जानकारी एकत्र करना हमेशा स्वीकार्य होता है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध फाइलिंग, प्रस्तुतीकरण, समाचार, जर्नल लेख और प्रकाशन प्रतिस्पर्धी खुफिया जानकारी के वैध स्रोत हैं। आप तीसरे पक्ष से प्रतिस्पर्धियों के बारे में पूछ सकते हैं या तीसरे पक्ष द्वारा दी गई प्रतिस्पर्धी खुफिया जानकारी को स्वीकार कर सकते हैं, जब तक कि यह मानने का कोई कारण नहीं है कि तृतीय पक्ष अनुबंध या कानूनी दायित्व के तहत जानकारी का खुलासा नहीं करने के लिए बाध्य है या उसने जानकारी  अवैध या अनैतिक रूप से एकत्र की है। यदि कोई संकेत है कि जानकारी कानूनी रूप से या नैतिक रूप से प्राप्त या एकत्र नहीं की गई थी, तो स्वीकार करने से इनकार करें।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **अनैतिक या गैरकानूनी साधनों, जैसे गलत बयानी, धोखे, चोरी, जासूसी, रिश्वतखोरी या किसी नॉन डिस्क्लोज़र समझौते का उल्लंघन करके जानकारी प्राप्त करने का प्रयास कभी न करें और न ही किसी तीसरे पक्ष से मांगें**
- **अगर इसकी हल्की सी भी भनक लगे कि जो जानकारी आपने जुटाई है उसे गैर कानूनी और अनैतिक तरीके से प्राप्त या इकट्ठा किया गया है तो उसे मंज़ूर न करें**
- **अगर आपको गुमनाम रूप से प्रतिस्पर्धी खुफिया जानकारी मिलती है या गोपनीय के रूप में अंकित की गई जानकारी मिलती है, तो इसकी समीक्षा न करें और तुरंत कानूनी विभाग से संपर्क करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**मैं एक प्रतिस्पर्धी कंपनी से एक शोधकर्ता (रिसर्चर) को काम पर रख रहा हूं। मैं उसके पूर्व नियोक्ता के बारे में क्या प्रश्न पूछ सकता हूं?**

प्रतिस्पर्धी के किसी भी पूर्व कर्मचारी से ऐसी जानकारी न मांगें जिसे सार्वजनिक न करने के लिए वह कानूनी रूप से बाध्य हो। इसमें व्यापार रहस्य यानी ट्रेड सीक्रेट और अन्य गोपनीय जानकारी शामिल हैं। ऐसी सूचनाओं को अनुचित तरीके से मांगने से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में कानूनी विभाग से परामर्श करें।



## राजनीतिक गतिविधियां और योगदान

Endo हमारे व्यवसाय को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर नीति निर्माताओं को अलग-अलग नीतियों पर अच्छी तरह से जुटाई गई जानकारियों के माध्यम से शिक्षित करती है। राजनीतिक प्रक्रिया में हमारी भागीदारी उचित और नैतिक है और लागू कानूनों के अनुसार है। कई देशों में निगमों यानी कॉर्पोरेशंस की राजनीतिक गतिविधियां नियंत्रित होती हैं। सरकारी मामलों में केवल कुछ लोग कंपनी की ओर से पैरवी यानी लॉबीइंग की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। सभी कर्मचारियों को संभावित राजनीतिक गतिविधियों के संबंध में सरकारी मामलों से परामर्श करना आवश्यक है।

Endo हमारे कर्मचारियों के, राजनीतिक प्रक्रियाओं में व्यक्तिगत रुप से भाग लेने के अधिकार का सम्मान करती है और इसके लिए प्रोत्साहित करती है। हालाँकि, आप केवल अपने समय और अपने स्वयं के खर्च पर इसमें भाग ले सकते हैं। कंपनी के फंड, सुविधाएं या संपत्ति का इस्तेमाल निजी राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता है।

Endo ने अनुमति लेने के बाद अमेरिका में एक पॉलिटिकल एक्शन कमेटी ("Endo PAC") स्थापित की है, जो कंपनी को उन उम्मीदवारों और संगठनों का समर्थन करने की अनुमति देती है जिनकी नीतियां और राजनीतिक प्रयास हमारी कंपनी के जीवन-बढ़ाने वाले उत्पादों को विकसित और वितरित करने के मिशन के साथ तालमेल रखते हैं। Endo PAC में योगदान पूरी तरह से स्वैच्छिक हैं। किसी भी कर्मचारी को उनके योगदानों के आधार पर पसंद या नापसंद नहीं किया जाएगा।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **सरकारी मामलों के विभाग के बाहर किसी भी कार्यालय के लिए किसी उम्मीदवार के लिए कोई Endo की तरफ से कोई भी कॉर्पोरेट योगदान नहीं किया जाएगा**
- **सरकारी मामलों से परामर्श के बिना सरकारी अधिकारियों को शामिल न करें**
- **व्यक्तिगत नागरिक और राजनीतिक मामलों में, यह स्पष्ट कर दें कि आपके विचार और कार्य आपके अपने हैं, Endo के नहीं**
- **किसी उम्मीदवार, सरकारी अधिकारी या राजनीतिक समिति की सहायता के लिए Endo के फंड या अन्य संपत्ति, जैसे टेलीफोन, ईमेल अकाउंट, कॉन्फ्रेंस रुम या स्टेशनरी का उपयोग न करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**एक मित्र स्थानीय राजनीतिक पद के लिए उम्मीदवार है, और मैं उसके प्रचार अभियान में उसकी मदद करना चाहता हूं। क्या इसकी अनुमति है?**

हाँ। आपकी व्यक्तिगत राजनीतिक गतिविधियां आपकी अपनी हैं - Endo की नहीं। अभियान यानी कैम्पेन को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी के समय, ईमेल या कंपनी के नाम सहित कंपनी के संसाधनों का उपयोग न करें।



## व्यापार प्रतिबंध

अधिकांश देश अपनी सीमा के अंदर और बाहर, सामग्रियों, सूचनाओं और सेवाओं के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं। हमें लाइसेंसिंग आवश्यकताओं, बहिष्कार, एम्बार्गो और ऐसे अन्य व्यापार प्रतिबंधों का पालन करना चाहिए जिन्हें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्राधिकारियों द्वारा अप्रूव किया गया है। ऐसी आवश्यकताएं रसायनों, जैविक पदार्थों, उपकरणों, तैयार उत्पादों और डेटा/तकनीकी के साथ-साथ अन्य वस्तुओं यानी आइटमों से संबंधित हो सकती हैं।

Endo व्यापार प्रतिबंधों के अधीन आने वाले देशों या पक्षों के साथ व्यापार में तब तक संलग्न नहीं होगी जब तक कि ऐसा करना कानूनी और उचित रूप से अधिकृत न हो। हम जिन देशों में व्यवसाय करते हैं वहां के निर्यात/आयात नियंत्रण, लाइसेंसिंग, निकासी यानी क्लियरेंस आवश्यकताओं और सीमा शुल्क यानी कस्टम कानूनों का भी पालन करते हैं। Endo कस्टम्स और अन्य संबंधित प्राधिकारियों को, हमारे उत्पादों और अन्य वस्तुओं (जैसे कि फार्मास्यूटिकल सामग्रियों) के बारे में सही और सच्ची जानकारी प्रदान करेगी। Endo, कानून द्वारा निषिद्ध किसी भी अंतर्राष्ट्रीय बहिष्कार में भाग लेने के किसी भी अनुरोध में सहयोग नहीं करेगी।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **आयात घोषणाओं यानी डेक्लेरेशंस को सटीकता से पूरा करें और चीज़ों के निर्यात से पहले निर्यात वर्गीकरण की समीक्षा कर लें ताकि पता चल पाए कि किसी विशेष प्राधिकार की आवश्यकता है या नहीं**
- **अपने ग्राहक और आपूर्तिकर्ता को जानें, और प्रतिबंधित देशों, व्यक्तियों और संस्थाओं के साथ अनुचित तरीके से लेन-देन पर रोक लगाने वाले सभी कानूनों के हिसाब से अपनी लेन-देन की जांच कर लें**
- **गैरकानूनी तरीके से व्यापार को नियंत्रित करने वाले व्यवहारों या बहिष्कारों में सहयोग न करें**
- **अगर आपकी ज़िम्मेदारियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार (डीलिंग्स) शामिल हैं, तो वर्तमान आयात/निर्यात नियंत्रण, लाइसेंसिंग आवश्यकताओं और व्यापार प्रतिबंधों के बारे में अपनी जानकारी दुरुस्त रखें और उनका पालन करें, ये राजनीतिक और सुरक्षा खतरों के कारण बार-बार बदलते रहते हैं**

**हमारी लागू संहिता:**

**मैं एक उत्पाद को कस्टम्स से क्लियर करवाने का प्रयास कर रहा हूं। स्थानीय कस्टम्स एजेंट स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अतिरिक्त हस्ताक्षर करने के लिए कह रहा है। मुझे पता है कि "तेज़ी से काम करवाने के लिए" कुछ देने का रिवाज़ है। समय बेहद महत्वपूर्ण है। अगर स्थानीय कस्टम्स से मंज़ूरी नहीं दी जाती है, तो रोगियों को आपूर्ति की कमी से प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

सबसे पहले शामिल देश की वर्तमान आयात/निर्यात आवश्यकताओं को समझें। निर्धारित करें कि क्या स्थानीय कानून के हिसाब से अतिरिक्त मंज़ूरियों की वास्तव में आवश्यकता है। किसी भी अधिकारी को आपको तरजीह देने के एवज में कोई उपहार प्रदान न करें, चाहे वह उस देश का अलिखित कानून (यानी स्थानीय प्रथा) हो। हमारे उत्पाद को समय पर रिलीज़ करने के लिए कानूनी रूप से स्वीकार्य तरीकों की पहचान करने के लिए अपने प्रबंधक या कानूनी विभाग से सलाह मांगें।

**इस सेक्शन में आप इसके बारे में जानेंगे:**

- हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा करना
- एक समावेशी कार्य वातावरण बनाना जो भेदभाव, उत्पीड़न और प्रतिशोध से मुक्त हो
- हमारे पर्यावरण की रक्षा करना
- रोगियों और समुदायों के लिए हमारी प्रतिबद्धता




अध्याय 3:

# हमारा कार्यस्थल और हमारे समुदाय

**Endo एक ऐसा उत्पादक कार्य वातावरण बनाना चाहती है जो हमारे मूल्यों को दर्शाता हो और विविध पृष्ठभूमियों वाले योग्य और प्रतिभाशाली कर्मचारियों को आकर्षित करे। इसमें पर्यावरण और सुरक्षा कानूनों का पालन करते हुए एक सुरक्षित कार्यस्थल को बनाए रखने और हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रयास शामिल है। एक कंपनी के रूप में, हम रोगी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखते हैं और इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने वाले तीसरे पक्षों के साथ उचित साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। जहां हम काम करते और रहते हैं, वहाँ हम वैश्विक और स्थानीय समुदायों का समर्थन करते हैं।**



## हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा करना

Endo के कर्मचारी हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं। हमारी विनिर्माण सुविधाओं यानी मैन्युफ़ैक्चरिंग फ़ैसिलिटीज़, प्रयोगशालाओं और कार्यालयों में हमारी टीम के सदस्यों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे अधिक महत्व रखती है। हमारे पास अपने कार्य क्षेत्रों को संरक्षित और सुरक्षित बनाए रखने की ज़िम्मेदारी है। हमारे साइट-आधारित सुरक्षा कार्यक्रम हमारे कार्य क्षेत्रों की निगरानी करने, सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में टीम के सदस्यों को शिक्षित करने और किसी भी सुरक्षा मुद्दों को रिकॉर्ड करने और/या रिपोर्ट करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं ताकि हम उनसे सीख सकें और लगातार सुधार कर सकें।

**नशा-मुक्त कार्यस्थल।** Endo किसी भी ऐसे नशीले पदार्थ के प्रभाव से मुक्त काम के माहौल को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है जो हमारे कार्य की ज़िम्मेदारियों को सुरक्षित और पेशेवर रूप से अंजाम देने की हमारी क्षमता को नुकसान पहुंचा सकता है। Endo की संपत्ति यानी प्रॉपर्टी पर या Endo का काम करते समय किसी भी अवैध ड्रग को बेचना, खरीदना, रखना या इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है। ध्यान दें: इस निषेध में मारिज़ुआना (गांजा) भी शामिल है, जो अमेरिका के संघीय कानून के तहत अवैध बना हुआ है, और डॉक्टर के पर्चे के बिना कानूनी दवा का इस्तेमाल भी।

**हिंसा मुक्त वातावरण।** किसी भी प्रकार की कार्यस्थल हिंसा, जिसमें किसी अन्य व्यक्ति को हिंसा या धमकी देने का कृत्य शामिल है, या ऐसा व्यवहार जिसके कारण दूसरे लोग असुरक्षित महसूस करते हों, निषिद्ध है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी काम से संबंधित गतिविधि में हिस्सा लेने के दौरान बन्दूक, हथियार, आतिशबाजी या विस्फोटक रखना वर्जित है। लागू कानून के अधिकतम सीमा तक, कंपनी द्वारा प्रदान किए गए मोटर वाहन सहित कंपनी की संपत्ति के क्षेत्रों में या उनके आस-पास के क्षेत्रों में ऐसे हथियार रखना भी वर्जित है।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **सुरक्षा जोखिम पैदा करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत रोकें, और तुरंत ऐसी सुरक्षा चिंताओं की सूचना दें**
- **सुरक्षा प्रशिक्षण यानी सेफ़्टी ट्रेनिंग में भाग लें और कंपनी की संरक्षा और सुरक्षा नीतियों का पालन करें**
- **कभी भी शराब, अवैध ड्रग्स, नियंत्रित पदार्थ या दवा का इस्तेमाल इस तरह से न करें कि आपके Endo का कार्य करने की क्षमता को नुकसान पहुंचे**
- **किसी भी समय कंपनी की संपत्ति के भीतर रहते हुए हिंसक या शारीरिक रूप से धमकी भरे आचरण में शामिल न हों या कार्य समय के दौरान किसी दूसरी जगह पर या किसी भी काम से संबंधित गतिविधि में भाग लेने के दौरान इसमें शामिल न हों**
- **किसी भी धमकी या हिंसक व्यवहार की तुरंत रिपोर्ट करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**एक कर्मचारी के रूप में, अगर मुझे लगता है कि मैं जो काम कर रहा हूं, वह मेरे या अन्य लोगों के लिए सुरक्षा जोखिम पैदा कर रहा है, तो क्या मुझे काम रोकने से पहले अपने पर्यवेक्षक या प्रबंधक को सूचित करना होगा?**

हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा यानी सेफ़्टी सबसे पहले आती है। Endo में हर किसी को सुरक्षा जोखिम पैदा करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत रोकने का अधिकार है। काम रुकने के बाद, अपने प्रबंधक को समस्या की रिपोर्ट करें, ताकि जोखिम को दूर किया जा सके, और काम सुरक्षित रूप से फिर से शुरु हो सके।



## एक ऐसा समावेशी कार्य वातावरण बनाए रखना जो भेदभाव, उत्पीड़न और प्रतिशोध से मुक्त हो

एंडो सभी कर्मचारियों और आवेदकों के साथ अपने व्यवहार में निष्पक्ष रोजगार प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध है। आपको भेदभाव और उत्पीड़न को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों सहित सभी लागू श्रम और रोजगार कानूनों का पालन करना चाहिए। आपको कंपनी की नीति या कानून के उल्लंघन में भेदभाव, उत्पीड़न या अन्य संरक्षित गतिविधियों की रिपोर्ट करने के लिए प्रतिशोध पर रोक लगाने वाले कानूनों का भी पालन करना चाहिए। संघटन की स्वतंत्रता,निजता और संरक्षण एवं अन्य सम्मिलित गतिविधियों की आजादी से संबंधित कानूनों का भी पालन किया जाना चाहिए। इन विषयों पर कंपनी की नीतियों को समझना और उनका पालन करना आपकी ज़िम्मेदारी है, जिन्हें लागू कानूनों और विनियमों का पालन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अनुपालन में विफलता के परिणामस्वरुप आपके और कंपनी के खिलाफ नागरिक और आपराधिक ज़वाबदेही हो सकती है, और इसके परिणामस्वरुप आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें रोजगार की समाप्ति तक शामिल है। यदि भेदभाव, उत्पीड़न और प्रतिशोध के खिलाफ कंपनी की नीतियों के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो आपको मानव संसाधन से संपर्क करना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए, कृपया कंपनी की इंट्रानेट साइट देखें: at.endo।

**समान अवसर वाला कार्यस्थल।** कंपनी योग्यता के आधार पर सभी आवेदकों और कर्मचारियों को समान रोज़गार का अवसर और उचित व्यवहार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, धर्म, वंश, शारीरिक या मानसिक दिव्यांगता, चिकित्सा शर्तों, आनुवंशिक जानकारी, वैवाहिक स्थिति, गर्भावस्था की स्थिति, लिंग (लिंग पहचान या अभिव्यक्ति सहित), उम्र, यौन झुकाव, सेना से सेवानिवृत्त या सेना में कार्यरत का दर्जा यानी मिलिट्री स्टेटस या लागू कानून द्वारा संरक्षित कोई अन्य वर्गीकरण के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाती है।

**उत्पीड़न मुक्त वातावरण।** कंपनी गैरकानूनी उत्पीड़न से मुक्त कार्यस्थल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें न केवल यौन उत्पीड़न, बल्कि किसी भी संरक्षित वर्गीकरणों के आधार पर होने वाला उत्पीड़न भी शामिल है, जैसा कि समान अवसर कार्यस्थल सेक्शन में ऊपर बताया गया है। कंपनी प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों, सह-कर्मचारियों या साथी-कर्मचारियों द्वारा कर्मचारियों के उत्पीड़न को दृढ़ता से अस्वीकार करती है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। इसी प्रकार, कंपनी अपने कर्मचारियों द्वारा ऐसे गैर-कर्मचारियों पर किए जा रहे उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेगी, जिनके साथ कंपनी व्यवसाय करती है। Endo अपेक्षा करती है कर्मचारी एक दूसरे के साथ सम्मानपूर्ण, गरिमायुक्त और संवेदनशीलता वाला व्यवहार करेंगे।

**बिना किसी प्रतिशोध के अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करना।** कंपनी किसी ऐसे कर्मचारी के खिलाफ प्रतिशोध को भी सख्ती से प्रतिबंधित करती है और बर्दाश्त नहीं करेगी, जिसने सद्भावपूर्वक, भेदभाव और उत्पीड़न के खिलाफ कंपनी की नीतियों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज़ उठाई है या सूचना दी है या जो किसी अन्य संरक्षित गतिविधि में शामिल हुआ है।

आपको अपने या किसी और के खिलाफ हुए भेदभाव, उत्पीड़न या प्रतिशोध से जुड़ी किसी भी चिंता को तुरंत अपने प्रबंधक, मानव संसाधन को सूचित करना चाहिए या Endo की एथिक्स हॉटलाइन या वेबसाइट पर जाकर इसकी शिकायत करनी चाहिए। ऐसी सभी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ देखा जाएगा। प्रबंधन के किसी भी सदस्य के पास अगर यह विश्वास करने का कारण हो कि कोई कर्मचारी भेदभाव, उत्पीड़न या प्रतिशोध का शिकार रहा है या उसे इस तरह के आचरण की रिपोर्ट मिलती है तो उसे तुरंत इसकी सूचना मानव संसाधन या कानूनी विभाग को देनी चाहिए।

कंपनी योग्य कर्मियों का इस्तेमाल करके कथित भेदभाव, उत्पीड़न या प्रतिशोध की किसी भी रिपोर्ट की त्वरित, विस्तृत, निष्पक्ष जांच करेगी या ऐसा करना का निर्देश देगी। इस प्रावधान के उल्लंघन वाले आचरण

की सभी रिपोर्टों या शिकायतों को यथासंभव गोपनीयता के साथ संभाला जाएगा। कंपनी समयबद्ध तरीके से जांच का समापन करेगी। अगर कंपनी यह निर्धारित करती है कि भेदभाव, उत्पीड़न या प्रतिशोध के खिलाफ उसकी नीतियों का उल्लंघन हुआ है, तो रोज़गार की संभावित समाप्ति सहित उचित सुधारात्मक और उपचारात्मक कार्रवाई की जाएगी। किसी शिकायत की जांच के संबंध में पूरी तरह से सहयोग करने या सही जानकारी देने में विफलता के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई भी हो सकती है, जिसमें रोज़गार की समाप्ति भी शामिल है।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **किसी भी ऐसे व्यवहार, कार्यों या मौखिक या लिखित संचारों को हतोत्साहित और रिपोर्ट करें जो आपके या किसी संरक्षित समूह के लिए अनुचित, अप्रिय या अपमानजनक हों**
- **कानून द्वारा या यौन प्रकृति द्वारा संरक्षित विशेषताओं के बारे में चुटकुले, कलंक लगाना और अन्य टिप्पणियां करना कभी भी उचित नहीं है**
- **टिप्पणियां या ऐसा शारीरिक आचरण जो किसी अन्य व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप करते हैं या डराने वाला, शत्रुतापूर्ण या आपत्तिजनक कार्य वातावरण पैदा करते हैं उन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाता**
- **एक सहकर्मी के साथ अन्य सहयोगियों की तुलना में इसलिए कम अनुकूल व्यवहार करना क्योंकि वो संरक्षित वर्ग से है बिल्कुल निषिद्ध है**
- **गैरकानूनी कार्यस्थल भेदभाव को रोकने के लिए अपने क्षेत्र के लागू कानूनों के बारे में जानकारी लें, यह जानकारी कंपनी की इंट्रानेट साइट at.endo पर उपलब्ध है**

### हमारी लागू संहिता:

**मेरे एक सहकर्मी ने अपने एक सहयोगी के लुक्स को लेकर बहुत ही मासूम और प्रशंसात्मक टिप्पणी की। क्या यह उचित है?**

तारीफों को पेशेवर स्तर तक रखना चाहिए, सधी आवाज़ में और सही आचरण के साथ। तारीफों में यौन अंतरंगता या ऐसे संदर्भ शामिल नहीं होने चाहिए, जिन्हें तार्किक रूप से यौन प्रकृति का माना जा सके। क्या कोई विशेष "प्रशंसा" कंपनी की नीति का उल्लंघन करती है, ये टिप्पणी की विशिष्ट प्रकृति, टिप्पणी कितनी बार की गई और समग्र संदर्भ पर निर्भर करेगी। अगर किसी टिप्पणी को लेकर आपके मन में संदेह है, तो इसे कहने से बचें। याद रखें, आपका इरादा कोई मायने नहीं रखता। सिर्फ इसलिए कि आपको लगता है कि यह टिप्पणी एक तारीफ है, इसका मतलब यह नहीं है कि इसे प्राप्त करने वाले या अन्य सहकर्मियों द्वारा इसका स्वागत किया जाएगा। डराने वाली, शत्रुतापूर्ण या आपत्तिजनक टिप्पणियों की सूचना आपके प्रबंधक, मानव संसाधन, कानूनी विभाग या एथिक्स हॉटलाइन को दी जानी चाहिए।

**मेरे एक सहकर्मी ने मुझे एक साथी कर्मचारी के बारे में एक अनुचित "चुटकुला" ईमेल किया। मुझे यह अपमानजनक लगा, लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं अपनी चिंता को कैसे सुलझाऊं।**

आक्रामक या अनुचित व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। उदाहरण के लिए, ये सब सख्ती से वर्जित हैं: आक्रामक और अवांछित यौन बढ़तें (सेक्सुअल एडवांसेज), प्रस्ताव, स्पर्श, संचार और/या यौन रूप से विचारोत्तेजक वस्तुओं का प्रदर्शन या कंपनी के उपकरण या कार्यस्थल पर तस्वीरें, साथ ही आक्रामक, अपमानजनक टिप्पणी या एक व्यक्ति की उम्र, नस्ल या अन्य संरक्षित विशेषता के बारे में "चुटकुले"। आप अपने प्रबंधक या मानव संसाधन विभाग के साथ अपनी चिंता पर चर्चा कर सकते हैं या एथिक्स हॉटलाइन के माध्यम से एक रिपोर्ट कर सकते हैं।



## हमारे पर्यावरण की रक्षा करना

Endo पर्यावरण की दृष्टि से ज़िम्मेदार तरीके से कार्य करने का प्रयास करती है। हम इस बात को मानते हैं कि हमारी गतिविधियों का पर्यावरण पर प्रभाव हो सकता है क्योंकि हम सामग्री मंगवाते है, उत्पादों को तैयार करते हैं, ऊर्जा की खपत करते हैं और अपशिष्ट पैदा करते हैं। Endo हमारे व्यवसाय को एक जिम्मेदार तरीके से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो वैश्विक संसाधनों के सुरक्षित, कुशल और ज़िम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने का प्रयास करता है। विशेष रूप से, हमारी टीम ने हमारे वैश्विक स्थानों पर सामग्रियों को पुनः चक्रित करने, फिर से इस्तेमाल और इनके इस्तेमाल को कम करने के लिए काम किया है, हमारे विनिर्माण स्थलों के भीतर बेहतर जल संरक्षण का समर्थन करने और अधिक कुशल सुविधाओं के प्रबंधन के साथ ऊर्जा के संरक्षण के लिए तकनीकी को लागू किया। सभी कर्मचारी पर्यावरणीय मामलों पर लागू कानूनी और नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए ज़िम्मेदार हैं।

हम उन बाहरी आपूर्तिकर्ताओं के साथ साझेदारी करते हैं जो हमारी तरह एक ज़िम्मेदार और नैतिक तरीके से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वे अपने कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करते हैं और पर्यावरण की रक्षा करने में मदद करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता हमारे आपूर्ति आचार संहिता और उत्तरदायी आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए फार्मास्यूटिकल आपूर्ति श्रृंखला पहल (PSCI) सिद्धांतों के अनुरुप काम करेंगे।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **सभी लागू कंपनी प्रक्रियाओं और पर्यावरण कानूनों का अनुपालन करें, और किसी भी पर्यावरणीय घटना की रिपोर्ट करें**
- **कचरे के बनने में कमी लाने या खत्म करने और संसाधनों के संरक्षण के लिए उचित उपाय करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**अगर रिसाव छोटे पैमाने पर है तो क्या फिर भी रसायनिक रिसाव की सूचना देनी चाहिए?**

सभी रिसाव और संभावित रिलीज को उनके आकार की परवाह किए बिना रिपोर्ट करना चाहिए।



# रोगियों और समुदायों के लिए हमारी प्रतिबद्धता

जिन समुदायों में हम रहते हैं और काम करते हैं, उनका समर्थन करना एंडो के लिए महत्वपूर्ण है। हम जानते हैं कि हमारे समुदाय तब मजबूत होते हैं जब व्यवसाय, गैर-लाभकारी और तीसरे पक्ष चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक साथ आते हैं। हमारे कर्मचारी स्वेच्छाचारिता, सामुदायिक अनुदान और स्वास्थ्य सेवा भागीदारी के माध्यम से, एंडो स्वास्थ्य-सेवा संबंधी असमानताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है और हमारे वैश्विक समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रहा है।

## सामुदायिक भागीदारी

एंडो समुदाय-आधारित, परोपकारी अनुदानों के साथ गैर-लाभकारी संगठनों का समर्थन करता है, जिनका ध्यान केंद्रित है: ऐसे संगठन जो जरूरतमंद लोगों को  बुनियादी आवश्यकताएं और सेवाएं (भोजन, आश्रय, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच) के साथ-साथ बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) प्रोग्रामिंग को  प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी दुनिया भर में गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ साझेदारी करती है, उन समुदायों और क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित करती है जहां एंडो कार्यालय स्थित हैं।

## स्वास्थ्य सेवा भागीदारी

स्वास्थ्य सेवा भागीदारी प्रोग्राम के माध्यम से, कंपनी 501(c) (3) संगठनों का समर्थन करती है जो कि रोगियों को शिक्षित करने और उनकी मदद करने के लिए काम कर रहे हैं, साथ ही पेशेवर और गैर-लाभकारी संगठन भी हैं जो बड़ी आबादी तक देखभाल की सुविधा की पहुंच का विस्तार करने के लिए काम कर रहे हैं।

गैर-लाभकारी संगठन Endo की वेबसाइट पर सामुदायिक भागीदारी या स्वास्थ्य सेवा भागीदारी अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **जहाँ आप रहते हैं और काम करते हैं, उन समुदायों के लिए अपना समय स्वयंसेवा में लगाएं**
- **सभी गैर-लाभकारी पूछताछ Endo की वेबसाइट पर निर्देशित करें, जहां वे कंपनी द्वारा समर्थित पहल के बारे में पढ़ सकते हैं और यह जान सकते हैं कि अनुदान के लिए आवेदन कैसे करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**मैं अपनी टीम को हमारे समुदाय के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए एक स्थानीय गैर-लाभकारी संगठन में अपना समय देने के लिए एक दिन का आयोजन करना चाहूंगा। क्या इसकी अनुमति है?**

हाँ, हम अच्छे कामों के लिए जाने जाना चाहते हैं और अपने स्थानीय समुदायों की सहायता के लिए कर्मचारियों को अपना समय देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कृपया at.endo पर हमारे समुदाय को लौटाएं पेज पर जाएँ और जानें कि कैसे कंपनी आपके क्षेत्र में किसी गैर-लाभकारी संगठन की पहचान करने में आपकी मदद कर सकती है।

**इस सेक्शन में आप इसके बारे में जानेंगे:**

- हितों का टकराव
- भेदिया कारोबार
- बौद्धिक संपदा और गोपनीय जानकारी
- निजता
- वित्तीय सत्यनिष्ठा
- कंपनी और सूचना तकनीकी संसाधन
- कंपनी रिकॉर्ड और सूचना प्रबंधन
- कॉर्पोरेट मामले और निवेशक/मीडिया संबंध
- सोशल मीडिया

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**



अध्याय 4:

# हमारी कंपनी और हमारे शेयरधारक

**हम सभी से Endo और हमारे शेयरधारकों के सर्वोत्तम हितों में काम करने, हमारे संचालन और प्रदर्शन को लेकर बेबाक़ रहने और हमारी संपत्ति और संसाधनों के संरक्षण में सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है।**



## हितों का टकराव

आप अपने पेशेवर जीवन में या अपने खाली समय के दौरान ऐसा कुछ भी नहीं करेंगे जो Endo के सर्वोत्तम हित में कार्य करने की आपकी ज़िम्मेदारी के साथ टकराव में हो। हितों का टकराव तब पैदा होता है जब व्यक्तिगत लाभ की संभावना को देखते हुए आप निष्पक्ष और न्यायपूर्ण तरीके से Endo के व्यवसाय को संचालित नहीं करते। उदाहरण के लिए - व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद का इस्तेमाल करना; Endo के बाहर भी नौकरी करना; जिस कंपनी के साथ आपका व्यक्तिगत संबंध है, उस फर्म को Endo व्यवसाय का रेफ़रल देना; या आपूर्तिकर्ताओं या विक्रेताओं से उपहार लेना या मांगना।

जब एक व्यक्तिगत या पारिवारिक संबंध, जिसमें एक रोमांटिक संबंध भी शामिल है, आपके निर्णय लेने या किसी अन्य एंडो कर्मचारी के निर्णय लेने या किसी कर्मचारी को काम पर रखने, पर्यवेक्षण या मूल्यांकन को प्रभावित कर सकता है, तो आपको अपने प्रबंधक, कानूनी, मानव संसाधन या कॉर्पोरेट अनुपालन बिज़नेस पार्टनर को स्थिति का खुलासा करना चाहिए। यदि टकराव के प्रकट होने की संभावना भी हो तो आपको ऐसे संबंधों का खुलासा करना चाहिए। आपको उन स्थितियों से बचना चाहिए जहां आप सीधे पर्यवेक्षण कर रहे हैं, समीक्षा कर रहे हैं, काम पर रख रहे हैं और ऐसा प्रतीत हो सकता है कि आप पर किसी करीबी दोस्त, रोमांटिक साथी या परिवार के सदस्य का प्रभाव है।

Endo उन आपूर्तिकर्ताओं और अन्य लोगों के साथ काम करती है जो हमारे साथ उचित या वरीयता के बिना निष्पक्ष और उद्देश्यपूर्ण तरीके से व्यवसाय करते हैं।

ऐसे उदाहरण हो सकते हैं जिनमें कोई कथित (वास्तविक के बजाय) हितों का टकराव मौजूद हो। ऐसे उदाहरणों में, कंपनी कर्मचारी के साथ काम करेगी ताकि हितों के कथित या वास्तविक टकराव का तुरंत समाधान किया जा सके। अगर संदेह हो, तो कंपनी और व्यक्ति की सुरक्षा के लिए, कर्मचारी को कंपनी के सामने प्रस्तावित आचरण या लेनदेन की प्रकृति का पूरी तरह से खुलासा करना चाहिए। कुछ कार्रवाइयों के लिए कंपनी की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होगी।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **अपने प्रबंधक, कानूनी, मानव संसाधन या कॉर्पोरेट अनुपालन बिज़नेस पार्टनर को बाहरी गतिविधियों और रोजगार संबंधों, वित्तीय हितों या रिश्तों के बारे में बताएं जो वास्तविक या संभावित संघर्ष पेश कर सकते हैं**
- **एक बाहरी व्यवसाय में अधिकारी या निदेशक के पद को स्वीकार करने या गैर-लाभकारी संगठन के बोर्ड में सेवा देने से पहले अपने कानूनी या कॉर्पोरेट अनुपालन व्यावसायिक साझेदार से स्वीकृति प्राप्त करें**
- **Endo के लिए जिनके साथ व्यवसाय कर रहे हों या व्यवसाय करने वाले हों उनसे किसी भी प्रकार का उपहार, इनाम, सेवा, यात्रा, मनोरंजन या लाभ न मांगें और न ही आग्रह करें**

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- Endo के लिए जिनके साथ आप व्यापार कर रहे हों या व्यापार करने वाले हों उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से या परोक्ष रुप से या नकद में, उपहार, मनोरंजन या स्थानीय मानकों के अनुसार सांकेतिक मूल्य से अधिक के लाभ न दें और न स्वीकार करें, और हितों के संभावित टकराव की किसी भी धारणा से बचें
- अपनी Endo की ज़िम्मेदारियों के साथ व्यक्तिगत संबंधों को टकराने न दें

हमारी लागू संहिता:

**मेरा पड़ोसी, जो करीबी दोस्त है, एक ऐसी कंपनी का मालिक है जो Endo को कुछ निश्चित सामग्री की आपूर्ति करता है। क्या यह हितों का टकराव है?**

हालाँकि साफ़ तौर पर वर्जित नहीं है, लेकिन अपने प्रबंधक से इसका खुलासा करना उचित होगा। अगर ज़रुरी लगा, तो आपका प्रबंधक सबसे अच्छा समाधान खोजने के लिए कानूनी विभाग और आपके कॉर्पोरेट अनुपालन व्यावसायिक साझेदार के साथ काम करेगा। आपको अपने मित्र की कंपनी के साथ व्यवसाय में शामिल होने के Endo के फैसले को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर आप इस संदेह में हैं कि क्या आपको किसी ऐसे रिश्ते का खुलासा करना चाहिए जिसे एक टकराव माना जा सकता है, तो इसका खुलासा करना हमेशा अच्छा होता है और इसके लिए अपने प्रबंधक को मार्गदर्शन प्रदान करने दें।

**मुझे कैसे समझ में आएगा कि आपूर्तिकर्ता की तरफ से आया भोजन या मनोरंजन का प्रस्ताव उचित है या नहीं? मैंने उस आमंत्रण को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि मुझे पता है कि यह अनुचित होगा।**

सामाजिक आयोजनों, कार्य लंचों या अन्य व्यवसाय-संबंधी कार्यक्रमों के आमंत्रणों का मूल्यांकन व्यक्तिगत रुप से व्यावसायिक गतिविधि के रुप में उनकी योग्यता के आधार पर किया जाना है। यदि ऐसे आमंत्रणों को स्वीकार करने के बारे में कोई चिंता है, तो कर्मचारी को अपने प्रबंधक से परामर्श करना चाहिए।



## भेदिया कारोबार

कई देशों में भेदिया कारोबार यानी इनसाइडर ट्रेडिंग को लेकर कानून हैं। Endo कर्मचारी के रूप में, आपको अंदरूनी जानकारी मिल सकती है - ऐसी जानकारी जो आम जनता को नहीं पता है और एक औसत निवेशक प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या रखने का निर्णय लेते समय ऐसी जानकारी को महत्वपूर्ण मान सकता है। हो सकता है कि आप इस जानकारी का दूसरों के सामने खुलासा न करें। कोई भी Endo कर्मचारी Endo या किसी अन्य कंपनी की प्रतिभूतियों के किसी भी लेनदेन में शामिल नहीं हो सकता है, अगर वह अंदर की जानकारी से अवगत है।

संभावित अंदरूनी जानकारी के उदाहरण हैं: किसी संभावित व्यावसायिक अधिग्रहण के बारे में जानकारी; राजस्व, कमाई या वित्तीय प्रदर्शन के अन्य पहलुओं के बारे में अंदरूनी जानकारी जो अभी तक सार्वजनिक रूप से प्रकट नहीं की गई है या पूर्व के खुलासे के आधार पर बाज़ार से जो उम्मीद है उसके उलट; महत्वपूर्ण व्यावसायिक विकास (अनुसंधान और विकास के परिणाम, विनियामक अनुमोदन या हमारे उत्पादों में से एक का गैर-अनुमोदन सहित); और एक प्रमुख ग्राहक या एक महत्वपूर्ण लेनदेन का अधिग्रहण या नुकसान।

कुछ कर्मचारी, जिन्हें हमारी अंदरूनी व्यापार नीति के तहत "प्रतिबंधित कर्मियों" के रूप में जाना जाता है, के पास आंतरिक जानकारी होने की अधिक संभावना है और हमारी नीति में परिभाषित "प्रतिबंधित अवधि" के दौरान किसी भी प्रतिभूतियों में व्यापार करने से प्रतिबंधित हैं।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **Endo या किसी अन्य कंपनी के बारे में अगर आपके पास अंदरूनी जानकारी है तो किसी भी प्रकार की प्रतिभूति को कभी न खरीदें या बेचें या किसी अन्य व्यक्ति को कभी भी खरीदने या बेचने के लिए निर्देशित न करें।**
- **Endo की प्रतिबंधित अवधियों से परिचित रहें और आप प्रतिबंधित कर्मी हैं या नहीं इससे भी, हालाँकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आपके पास अंदरूनी जानकारी है या नहीं, इसी के आधार पर आप पर किसी अवधि के लिए प्रतिबंध लगाया जा सकता है**
- **परिवार के सदस्यों और दोस्तों सहित किसी को भी अंदरूनी जानकारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ("सुझाव") न दें, भले ही आप नहीं चाहते हों कि प्राप्तकर्ता इस जानकारी का इस्तेमाल प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने के लिए करे**
- **Endo के कारोबार के बारे में निवेशकों या विश्लेषकों से बात न करें - ये बातचीत हमारी निवेशक संबंध टीम सख्ती से संभालती है**
- **अगर आपके कोई प्रश्न हैं, तो हमारे मुख्य वित्तीय अधिकारी या मुख्य कानूनी अधिकारी से संपर्क करे**

**हमारी लागू संहिता:**

**मुझे हाल ही में पता चला कि Endo सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली एक कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है, मैं भी उसी कंपनी में संभावित निवेश करने को लेकर शोध कर रहा हूं। क्या मैं अभी भी इस कंपनी में शेयर खरीद सकता हूँ?**

नहीं। महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी को अपने पास रखने के दौरान कारोबार करना अवैध है। निषेध Endo या अन्य कंपनी के शेयर में कारोबार पर लागू होता है, भले ही आपके पास शेयर को बेचने के लिए कोई असंबंधित कारण हो।



## बौद्धिक संपदा और गोपनीय जानकारी

बौद्धिक संपदा और गोपनीय जानकारी कंपनी के लिए मूल्यवान संपत्ति हैं। उनकी रक्षा करना हमारे विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें हमारे पेटेंट, व्यापार रहस्य यानी ट्रेड सीक्रेट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, तकनीकी जानकारी, डेटा, प्रक्रियाएं, अनुभव, ग्राहक जानकारी और तकनीकी और व्यावसायिक ज्ञान शामिल हैं। अतिरिक्त उदाहरणों में बिक्री और विपणन डेटाबेस, विपणन रणनीति और योजनाएं, कीमत निर्धारण की जानकारी, विनिर्माण तकनीकें और अनुसंधान तथा तकनीकी डेटा शामिल हैं।

हर एक Endo कर्मचारी को हमारी बौद्धिक संपदा की रक्षा करनी चाहिए और हमारी गोपनीय जानकारी की निजता बनाए रखनी चाहिए। कर्मचारियों के Endo छोड़ने के बाद भी, उन्हें हमारी बौद्धिक संपदा का सम्मान करना जारी रखना चाहिए और गोपनीय या मालिकाना जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहिए, भले ही वे कंपनी से अलग हो गए हों। बौद्धिक संपदा या दूसरों की गोपनीय जानकारी का अनधिकृत इस्तेमाल भी प्रतिबंधित है।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **सार्वजनिक स्थानों पर गोपनीय जानकारी पर चर्चा न करें**
- **वैध पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और दूसरों के अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करें**
- **ऐसे नए आविष्कारों और विचारों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को समझें जिन्हें आप एक Endo कर्मचारी के रूप में विकसित करते हैं**
- **किसी लिखित समझौते के बिना तीसरे पक्ष के साथ नए उत्पादों को विकसित न करें, इस समझौते में स्वामित्व और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों का ठीक से ख्याल रखें**
- **अन्य कंपनियों या व्यक्तियों से ली गई गोपनीय जानकारी या बौद्धिक संपदा का इस्तेमाल तब तक न करें, जब तक कि Endo के पास इस तरह के इस्तेमाल का कानूनी अधिकार न हो**

**हमारी लागू संहिता:**

**मैंने Endo कर्मचारियों को एक ट्रेन में कंपनी के व्यवसाय के बारे में चर्चा करते हुए पीछे से सुना। मुझे क्या करना चाहिए?**

अगर आपको लगता है कि जानकारी संवेदनशील या गोपनीय है, तो उनको सलाह दें कि उनकी बातों को कोई भी सुन सकता है और कानूनी विभाग से संपर्क करें। हर एक Endo कर्मचारी की ज़िम्मेदारी है कि वह गोपनीय और मालिकाना जानकारी को अनुचित इस्तेमाल या खुलासे से बचाए।

**हमारी बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए मैं Endo के कर्मचारी के रूप में क्या कर सकता हूं?**

गोपनीय जानकारी को स्वीकार करने या इस्तेमाल करने से पहले; Endo की गोपनीय जानकारी का खुलासा करने से पहले; या हमारी बौद्धिक संपदा के इस्तेमाल की अनुमति से पहले Endo के बौद्धिक संपदा कानूनी सलाहकार के साथ विचार-विमर्श करें।



## निजता

एक वैश्विक कंपनी के रूप में, हमारी रणनीति और दैनिक संचालन के दौरान हमें हमारे रोगियों, साथ ही हमारे ग्राहकों, शेयरधारकों और कर्मचारियों के बारे में व्यक्तिगत जानकारी संग्रह करना, इस्तेमाल करना और कई बार साझा करना आवश्यक बनाते हैं। व्यक्तिगत जानकारी की निजता का सम्मान रोगियों, ग्राहकों, शेयरधारकों और कर्मचारियों का भरोसा और विश्वास अर्जित करता है। हम दुनिया भर में लागू निजता कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सभी व्यक्तियों के पास उनके व्यक्तिगत डेटा को संभालने के तरीके को लेकर अधिकार हैं। हमारी गतिविधियों के दौरान, हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य तीसरे पक्षों के बारे में व्यक्तिगत डेटा एकत्र, संग्रहीत और संसाधित कर सकते हैं, और हम मानते हैं कि इस व्यक्तिगत डेटा का सावधानीपूर्वक और वैध इस्तेमाल हमारे संगठन में लोगों के विश्वास को बनाए रखेगा और एक सफल व्यवसाय संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

एंडो के संचालन वाले कई देशों और क्षेत्राधिकारों में ऐसे कानून हैं जो नियंत्रित करते हैं कि हम व्यक्तिगत जानकारी के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। किसी भी व्यक्तिगत जानकारी, विशेष रूप से रोगियों की व्यक्तिगत जानकारी को साझा करने या साझा करने में सहायता के लिए वेंडर या अन्य तीसरे पक्ष को शामिल करने से पहले, गोपनीयता कार्यालय और कानूनी विभाग से परामर्श करना सुनिश्चित करें, ताकि संयुक्त राज्य अमेरिका और विदेशों में गोपनीयता कानूनों का पालन करने हेतु उचित सुरक्षा उपाय किए जा सकें। कर्मचारियों, रोगियों या अन्य लोगों की व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए हमेशा एंडो की नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें, और एंडो की सहायक कंपनियों के साथ उस जानकारी को साझा करने के संबंध में नीतियों पर विशेष ध्यान दें जो संयुक्त राज्य के बाहर संचालित होती हैं।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **जब तक आपके पास वैध व्यावसायिक उद्देश्य न हो और लागू कानूनों के अनुपालन के अनुसार आप जानकारी प्राप्त करने के लिए अधिकृत न हों, तब तक व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने, उपयोग करने या उस तक पहुंचने से बचें**
- **न्यूनतम आवश्यक जानकारी एकत्र करें और जब भी संभव हो, ऐसी जानकारी एकत्र न करें जो किसी विशिष्ट व्यक्ति की पहचान करे**
- **अनधिकृत व्यक्तियों या संस्थाओं के साथ व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और इस बारे में व्यक्तियों की निजता प्राथमिकताओं का सम्मान करें कि उनकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है**
- **व्यक्तिगत जानकारी— विशेष रुप से संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी जैसे स्वास्थ्य जानकारी— को कंपनी की नीतियों और लागू कानूनों के अनुसार उचित रूप से सुरक्षित करने के लिए उचित कदम उठाएं**
- **व्यक्तिगत जानकारी के वास्तविक या संभावित नुकसान या अनधिकृत प्रकटीकरण की स्थिति में, तुरंत निम्नलिखित ईमेल के माध्यम से गोपनीयता कार्यालय को घटना की रिपोर्ट करें: privacy@endo.com या एथिक्स हॉटलाइन: endo.ethicspoint.com**

**हमारी लागू संहिता:**

**हमारे वेंडर्स में से एक को उनके डेटा सिस्टम में सुरक्षा समस्या थी जिसमें एंडो कर्मचारियों की व्यक्तिगत जानकारी होती है। मुझे क्या करना चाहिए?**

इसके बारे में गोपनीयता कार्यालय को तुरंत privacy@endo.com के माध्यम से रिपोर्ट करें। एंडो यह आकलन करेगा कि क्या कोई सुरक्षा उल्लंघन हुआ है जिसमें व्यक्तिगत जानकारी शामिल है और इस आकलन के आधार पर उचित प्रतिक्रिया का निर्धारण करेगा। हमारी ओर से व्यक्तिगत जानकारी को संभालने वाले वेंडर के साथ संबंध शुरू करने से पहले, यह पुष्टि करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि उपयुक्त नीतियां और सुरक्षा उपाय मौजूद हैं।



## वित्तीय सत्यनिष्ठा

अपने शेयरधारकों, आम लोगों और सरकारी एजेंसियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, हमारी खाता-बहियों और अभिलेखों को कंपनी की वित्तीय स्थिति, परिचालन संबंधी परिणामों और नकदी प्रवाह का अवश्य ही सही आंकड़ा पेश करना चाहिए। Endo कर्मचारी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और कंपनी की नीतियों की हमारी प्रणाली के बारे में जागरूक और पालन करने के लिए ज़िम्मेदार हैं। वित्तीय लेनदेनों को संभालते समय और कंपनी खातों की सटीकता बनाए रखने हेतु कंपनी के लिए रिपोर्टिंग करते समय और कंपनी निधियों की सुरक्षा की रक्षा करते वक्त हमेशा सावधानी बरतें।

Endo के आंतरिक नियंत्रणों को हमारे संचालन की प्रभावशीलता और दक्षता, हमारी वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नियंत्रण विफलता के मामले में आपको हमेशा सुधारात्मक कार्रवाई करने, ऐसी किसी भी नीति या प्रक्रिया की रिपोर्ट करने, जिसका पालन नहीं किया जा रहा हो और नियंत्रण कमजोरियों की पहचान करने में सहायता करनी चाहिए।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **सटीक और पूर्ण कंपनी रिकॉर्ड तैयार करें और उन्हें बनाए रखें**
- **केवल उन्हीं रिकार्डों पर हस्ताक्षर करें या अनुमोदन करें जिन्हें आप मानते हैं कि उपयुक्त समीक्षा के बाद सटीक और पूर्ण होना चाहिए**
- **वित्तीय लेनदेन को उचित रुप से अधिकृत किया जाना चाहिए, उन्हें उसी लेखा अवधि में दर्ज किया जाना चाहिए जिसमें उन्हें खर्च किया गया हो, और वे सहायक दस्तावेज़ों के साथ उपयुक्त खातों में हों**
- **पारदर्शी बनें और हमारे स्वतंत्र या आंतरिक लेखा परीक्षकों से जानकारी न छुपाएं**
- **कभी भी रिकॉर्ड में हेरफेर न करें, तथ्यों को गलत तरीके से पेश न करें या हमारे नियंत्रणों को दरकिनार करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**मेरे प्रबंधक ने मुझे अपने वितरकों को हर बार की तुलना में दोगुना उत्पाद भेजने को कहा ताकि हमारे तिमाही बिक्री के आंकड़ों को बढ़ावा मिल सके। मुझे क्या करना चाहिए?**

अपनी सत्यनिष्ठा से समझौता न करें। ये जानते हुए कि आपका वितरक इतने अधिक उत्पादों को नहीं बेच पाएगा और इसके बाद भी आप जानबूझकर उसे ज्यादा सामान बेचें तो इसे अवैध माना जाएगा। इस मुद्दे को अपने वित्त या अनुपालन लीडर या अपने कानूनी विभाग के साथी के साथ उठाएं। आप एथिक्स हॉटलाइन से भी संपर्क कर सकते हैं।



## कंपनी और सूचना तकनीकी संसाधन

हम में से हर एक को कंपनी के डेटा सिस्टम और तकनीकी संसाधनों के उचित उपयोग की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। हालाँकि हमारे सिस्टम पर कभी कभार व्यक्तिगत उपयोग (उन कारणों के लिए जो कंपनी के व्यवसाय के साथ टकराव में नहीं हैं और इसकी किसी भी नीति का उल्लंघन नहीं करता है) की अनुमति है, लेकिन ये सिस्टम और संसाधन कंपनी के वैध व्यवसाय के संचालन के लिए हैं। जब तक स्थानीय कानून द्वारा इसके उलट फैसला नहीं लिया जाता, तब तक आपको कोई उम्मीद नहीं रखनी चाहिए कि आप जो जानकारी कंपनी के सिस्टम पर स्टोर करते हैं या भेजते हैं वह "निजी" होगा। Endo के सिस्टमों या उपकरणों का इस्तेमाल अनुचित, उत्पीड़नकारी, भेदभावपूर्ण, यौन रूप से स्पष्ट या बदनाम करने वाली सामग्री को भेजने या एक्सेस करने के लिए कभी नहीं किया जाना चाहिए। Endo किसी भी समय और बिना पूर्व सूचना के आपकी फ़ाइलों या अन्य सूचनाओं को जो उसके सर्वर पर स्टोर हैं या अन्य संपत्तियों, जिनमें उपकरण भी शामिल हैं, का निरीक्षण कर सकती है।

हमारी सूचना तकनीकी (आईटी) टीम हमारे सिस्टम और उपकरणों का प्रबंधन करती है, और हमारे व्यवसाय के लिए आवश्यक किसी भी सॉफ़्टवेयर या हार्डवेयर का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करके उनकी सुरक्षा बनाए रखने का काम करती है। किसी भी सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन को डाउनलोड करने से पहले कर्मचारियों को आईटी से परामर्श करना चाहिए। Endo की गोपनीय जानकारी को सुरक्षित रखना भी महत्वपूर्ण है। इसलिए, कर्मचारियों को अपने सिस्टम पासवर्ड को साझा नहीं करना चाहिए।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **अपने सिस्टम पासवर्ड को सुरक्षित रखें**
- **Endo के कंप्यूटरों या उपकरणों को उन जगहों पर न छोड़ें, जहाँ पर अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा इनका इस्तेमाल या दुरुपयोग किया जा सकता है**
- **सभी तरह के कंप्यूटर डेटा को गोपनीय समझें**
- **उचित प्राधिकार के बिना संचार को रिकॉर्ड न करें और केवल स्थानीय कानून के तहत अन्यथा अनुमत के रूप में ही**
- **कंपनी की तकनीकी संसाधन नीतियों का सख्ती से पालन करें**

**हमारी लागू संहिता:**

**मैं अपनी टीम के साथ रिमोट तरीके से जुड़ने के तरीके तलाश रहा हूं। काफी शोध करने के बाद मुझे एक ऐसा वेब प्लेटफ़ॉर्म मिला है, जो मुझे लगता है कि बहुत फायदेमंद और इस्तेमाल करने में आसान होगा। क्या मैं इसमें साइन अप करके, अपनी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए इस कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर का इस्तेमाल कर सकता हूं?**

सभी व्यावसायिक गतिविधियों को Endo-अनुमोदित सॉफ़्टवेयर और सिस्टमों का इस्तेमाल करके संचालित किया जाना चाहिए। ये सिस्टम और सॉफ़्टवेयर इन सेवाओं के इस्तेमाल से जुड़े जोखिम को कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए सुरक्षा मूल्यांकन से होकर गुजरते हैं। आप आईटी से अग्रिम अनुमोदन लिए बिना ऐप या सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल नहीं कर सकते।



## कंपनी रिकॉर्डों और जानकारी का प्रबंधन

Endo कर्मचारियों को कंपनी रिकॉर्डों को सही ढंग से बनाना, रखरखाव करना, स्टोर करना और जब उचित हो और कंपनी नीति के अनुपालन में हो, तो कंपनी के रिकॉर्डों को इस तरीके से नष्ट करना आना चाहिए जो सूचना की समग्रता की रक्षा करे। प्रभावी रिकॉर्ड प्रबंधन ठोस निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करता है, परिचालन दक्षता को बढ़ावा देता है और हमारे कानूनी, वित्तीय, नियामक और अनुबंध संबंधी दायित्वों का ख्याल रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

कंपनी के रिकॉर्डों को बड़े पैमाने पर देखा जाता है और इसमें सभी माध्यमों में रिकॉर्ड शामिल होते हैं, जैसे कि कागज़ (हस्तलिखित नोट्स सहित), ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग और ईमेल और इलेक्ट्रॉनिक फ़ाइलों सहित कंप्यूटर-आधारित जानकारी। आपको कंपनी की रिकॉर्ड प्रबंधन नीतियों और प्रतिधारण अनुसूची का अनुपालन करना चाहिए। तीसरे पक्षों (जैसे सरकारी एजेंसियों), मुकदमों या अन्य पूछताछ के अनुरोधों के कारण रिकॉर्डों को सामान्य प्रतिधारण अनुसूची के बाद भी रखने की आवश्यकता हो सकती है। जारी की गई " कानूनी होल्ड" या किसी अन्य "होल्ड ऑर्डर" से संबंधित किसी भी रिकॉर्ड को संरक्षित करना Endo की नीति है।

अपने किसी भी तरह के व्यक्तिगत हितों को आगे बढ़ाने के लिए आप कभी भी कंपनी के रिकॉर्डों (किसी भी काम से संबंधित ईमेल सहित) को न तो रख सकते हैं और न ही इनका इस्तेमाल कर सकते हैं, इसमें आप और कंपनी के बीच किसी भी तरह का मतभेद या विवाद भी शामिल है।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **लागू कानूनों, कंपनी की नीतियों और प्रतिधारण अनुसूची द्वारा निर्दिष्ट समय अवधि तक के लिए रिकॉर्डों को बनाए रखें**
- **अगर आपको कोई होल्ड ऑर्डर मिलता है, तो होल्ड ऑर्डर से संबंधित सभी दस्तावेज़ों या अन्य रिकॉर्डों को बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दें**
- **Endo की सभी नीतियों और मार्गदर्शक दस्तावेज़ों का अनुपालन करें और कंपनी रिकॉर्ड, सूचना प्रबंधन, डेटा समग्रता, निजता और सूचना सुरक्षा से संबंधित सभी प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करें**
- **आने वाली या चल रही जांच, मुकदमा या पूछताछ से संबंधित अभिलेखों को कभी भी छुपाना, बदलना या नष्ट नहीं करना चाहिए**
- **कंपनी के दस्तावेज़ों को कभी भी सार्वजनिक स्थानों पर अकेला न छोड़ें और किसी भी आकस्मिक नुकसान या दस्तावेज़ों के नष्ट होने की सूचना दें**



## कॉर्पोरेट मामले और निवेशक/ मीडिया संबंध

Endo वित्तीय विश्लेषकों, निवेशकों, मीडिया और आम लोगों को सटीक, विश्वसनीय, समय पर और तथ्य-आधारित जानकारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। सूचना के उचित प्रावधान की सुविधा के लिए, Endo या हमारी व्यावसायिक इकाइयों से संबंधित बाहरी पूछताछ को कॉर्पोरेट मामले या निवेशक संबंध को निर्देशित किया जाना चाहिए। Endo कर्मचारियों को उचित प्राधिकार के बिना कंपनी के व्यवसाय के बारे में मीडिया या निवेशकों को बयान नहीं देना चाहिए। किसी भी मीडिया या निवेशक पूछताछ को तुरंत कॉर्पोरेट मामले या निवेशक संबंध को भेजा जाना चाहिए।

अगर किसी Endo कर्मचारी का संपर्क किसी सरकारी एजेंसी के प्रतिनिधि, किसी वकील या किसी वकील के प्रतिनिधि से होता है, जो साक्षात्कार के लिए या दस्तावेज़ों के लिए गैर-नियमित अनुरोध करता है, तो आपको कोई जानकारी नहीं देनी चाहिए और तुरंत कानूनी विभाग से संपर्क करना चाहिए।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **उचित प्राधिकार के बिना मीडिया, वित्तीय विश्लेषकों, सरकारी अधिकारियों, वकीलों या उनके प्रतिनिधियों सहित बाहर के स्रोतों को Endo या इसके व्यवसाय के बारे में कोई जानकारी प्रदान न करें**
- **मीडिया को हमेशा कॉर्पोरेट मामले के पास रेफ़र करें और निवेशकों को निवेशक संबंध के पास भेजें**
- **अगर आपसे वर्तमान या पूर्व कर्मचारियों (नौकरी के संदर्भ की जांच सहित) से जुड़ी जानकारी मांगी जाती है, तो इस अनुरोध को मानव संसाधन विभाग के पास भेजें**
- **अगर किसी जांच के संबंध में सरकारी एजेंसी आपसे संपर्क करे, तो सरकार के प्रतिनिधि को विनम्रता से सूचित करें कि कंपनी नीति के तहत आप तब तक जानकारी प्रदान नहीं कर सकते, जब तक कि कानूनी विभाग से संपर्क नहीं किया जाता।**

**हमारी लागू संहिता:**

**Endo में मेरी विशेषज्ञता के क्षेत्रों के बारे में मुझे एक सम्मेलन में बोलने के लिए कहा गया है। क्या मैं ऐसा कर सकता हूं?**

कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में आपकी विशेषज्ञता के क्षेत्र पर बोलने के लिए निमंत्रण आपके प्रबंधक, कार्यात्मक वरिष्ठ उपाध्यक्ष या व्यावसायिक इकाई के नेता, साथ ही साथ कॉर्पोरेट मामलों के पूर्व अनुमोदन के बिना स्वीकार नहीं किए जाने चाहिए। अगर आपकी प्रस्तुति गोपनीय जानकारी का खुलासा कर सकती है या हमारी बौद्धिक संपदा की रक्षा करने की हमारी क्षमता को प्रभावित कर सकती है, तो आपको कानूनी विभाग से परामर्श करना चाहिए। कॉर्पोरेट मामलों के विभाग को अग्रिम में सभी प्रस्तुतियों की समीक्षा करनी चाहिए और स्वीकृति देनी चाहिए।



# सोशल मीडिया

## कंपनी संचार

Endo हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए सोशल मीडिया के महत्व को समझती है। सभी आधिकारिक कंपनी संचार और प्रचार की तरह, हमारे उत्पादों का उल्लेख करने वाली सोशल मीडिया सामग्री को उचित समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से अनुमोदित किया जाना चाहिए। कर्मचारियों को मूल उत्पाद से जुड़ी सामग्री नहीं बनानी चाहिए या कंपनी की स्थापित समीक्षा प्रक्रियाओं का इस्तेमाल किए बिना किसी भी उत्पाद-संबंधित पोस्ट में कुछ भी जोड़ना नहीं चाहिए।

## व्यक्तिगत सोशल मीडिया

व्यक्तिगत कारणों के लिए सोशल मीडिया पर गतिविधियों में शामिल होने पर, Endo के कर्मचारियों को संवेदनशील या मालिकाना जानकारी का खुलासा करने से बचने के लिए ठोस व्यावहारिक अनुमान का इस्तेमाल करना चाहिए और यथोचित व्यवहार करना चाहिए। Endo के कर्मचारियों को व्यक्तिगत सोशल मीडिया खातों का इस्तेमाल कभी भी व्यवसाय से संबंधित ऐसी चर्चाओं में शामिल होने के लिए नहीं करना चाहिए, जिनमें बाहर के ठेकेदारों या इन्फ्लुएंसर के साथ कोई भी जुड़ाव शामिल है (जैसे, विज्ञापन)।

इस आचार संहिता में प्रदान किया गया मार्गदर्शन हमारी कंपनी का प्रतिनिधित्व करते समय या अन्य साथी कर्मचारियों के साथ संलग्न होने पर सोशल मीडिया पर कर्मचारियों के आचरण पर लागू होता है।

**पूरी ज़िम्मेदारी लें!**

- **Endo के वे कर्मचारी जो सोशल मीडिया का इस्तेमाल व्यक्तिगत गतिविधि के लिए करते हैं, उन्हें Endo की सोशल मीडिया नीति के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें इसका पालन करना चाहिए, Endo की सोशल मीडिया नीति कंपनी के इंट्रानेट at.endo पर उपलब्ध है।**
- **कंपनी की आंतरिक मंज़ूरी के बिना सोशल मीडिया पर कंपनी के उत्पादों के बारे में कोई पोस्ट न डालें**
- **किसी भी परिस्थिति में Endo के कर्मचारी को व्यक्तिगत सोशल मीडिया चैनलों पर उपचार, चिकित्सा निदान, परीक्षण या Endo उत्पादों से जुड़ी अन्य संबंधित चिकित्सा जानकारी किसी भी व्यक्ति को नहीं देनी चाहिए**

### हमारी लागू संहिता:

**मैं अपने आगामी प्रोडक्ट लॉन्च को लेकर उत्साहित हूं. क्या मैं सभी को इसके बारे में बताने के लिए अपने खुद के लिंक्डइन, फेसबुक या इंस्टाग्राम पेज पर कुछ पोस्ट कर सकता हूं?**

नहीं, आप स्थापित कंपनी समीक्षा प्रक्रिया से पूर्व अनुमोदन लिए बिना हमारे उत्पादों के बारे में मूल सामग्री पोस्ट नहीं कर सकते। उत्पाद से संबंधित पोस्ट के लिए, अमेरिकी कर्मचारी आधिकारिक Endo सोशल मीडिया पोस्ट को "लाइक या शेयर" कर सकते हैं। हालाँकि, आप कमेंट्री तब तक नहीं जोड़ सकते जब तक कि कंपनी द्वारा पूर्व-अनुमोदित न हो। अगर आपके मन में और भी सवाल हैं तो कृपया कॉर्पोरेट मामलों की टीम से संपर्क करें।



# संसाधनों की निर्देशिका

**अगर आपको अधिक जानकारी चाहिए या संहिता में शामिल किसी भी मामले के बारे में एक सवाल पूछना चाहते हैं, तो बेहिचक होकर पूछें। आपके लिए कई संसाधन उपलब्ध हैं। नीचे, एक त्वरित संदर्भ गाइड दिया गया है, उसे देखें:**

| रुचि का विषय | किससे संपर्क करें? |
| --- | --- |
| **हमारी संहिता से मेल न खाने वाले व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए** | एथिक्स हॉटलाइन को एक बाहरी तीसरे पक्ष द्वारा प्रबंधित किया जाता है और दिन में 24 घंटे संचालित किया जाता है। विवरण www.endo.ethicspoint.com पर उपलब्ध है। |
| **कॉर्पोरेट अनुपालन** | कंपनी की इंट्रानेट साइट at.endo पर अपने कॉर्पोरेट कंप्लायंस बिज़नेस पार्टनर का पता लगाएं इस साइट पर कंपनी की नीतियों और प्रक्रियाओं से जुड़ी जानकारी भी शामिल है।<br>ईमेल पर पूछताछ करने के लिए, इस पते का इस्तेमाल करें: CorporateCompliance&BusinessPractices@endo.com |
| **कानूनी** | कंपनी की इंट्रानेट साइट: at.endo पर अपने कानूनी बिज़नेस पार्टनर का पता लगाएं<br>संभावित निजता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए: privacy@endo.com |
| **सरकारी मामले और सामुदायिक मामले** | external.affairs@endo.com |
| **निवेशक संबंध** | relations.investor@endo.com |
| **मीडिया से संबंध**<br>**सामाजिक मीडिया** | media.relations@endo.com<br>communications@endo.com |
| **मानव संसाधन** | human.resources@endo.com |
| **चिकित्सा जानकारी** | प्रतिकूल घटना या गुणवत्ता की शिकायत करने के लिए:<br>कॉल करें: +1-800-462-3636 Endo USA, Inc.<br>कॉल करें: +1-800-828-9393 Endo USA, Inc. – Injectable Solutions and Generics<br>कॉल करें: +1-888-867-7426 Paladin Pharma Inc.<br>केवल यू.एस.ए.: फैक्स करें या at.endo पर उपलब्ध AE_PC फॉर्म का इस्तेमाल करके जानकारी ईमेल करें |

endo™

प्रभावी अप्रैल 2024